

रांची, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

संवत 2082, श्रावण शुक्ल 15 संवत मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 335 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ मोबाइल खेल की हार, जीवन की हार क्यों बनी ?

इस वजह से रुबीना ने स्वीकार पति पत्नि और पंगा का ऑफर◂◂ 6


## श्राद्धकर्म: हेमंत सोरेन ने बाबा को भोजन परोसा



नेमरा: दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म का आज चौथा दिन है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने धार्मिक मान्यताओं, संस्कारों और स्थानीय परंपराओं के अनुरूप आज सवेरे बाबा को भोजन परोसे जाने की रस्म निभाई। दरअसल यह एक ऐसा रस्म -रिवाज है, जिसमें दिवंगत व्यक्ति की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए श्राद्ध कर्म के दौरान हर दिन स्थानीय विधि- विधान और परंपरा के अनुरूप इसे निभाया जाता है।

# घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करें या देश से माफी मांगें राहुल गांधी: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली:** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पलटवार किया है। राहुल ने बीते दिन चुनाव आयोग पर वोट चोरी और भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया था। इस पर चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा कि अगर कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता अपने विश्लेषण पर विश्वास करते हैं और मानते हैं कि चुनाव आयोग पर उनके आरोप सही हैं, तो उन्हें शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अगर राहुल ऐसा नहीं करते हैं, तो इसका मतलब होगा कि उन्हें अपने विश्लेषण, निष्कर्षों और बेतुके आरोपों पर विश्वास नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। इसलिए उनके पास दो




विकल्प हैं- या तो घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करें या चुनाव आयोग पर बेतुके आरोप लगाने के लिए देश से माफी मांगें।

**शपथ-पत्र देकर सबूत पेश करने को कहा था:** इससे पहले कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में हेराफेरी के राहुल के आरोपों का संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें शपथ-पत्र देकर सबूत पेश करने को कहा था। इसके अलावा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में धोखाधड़ी के राहुल के आरोपों के संबंध में वहां के राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विपक्ष के नेता से एक शपथ पत्र प्रस्तुत करने और मतदाता सूची में कथित रूप से मतदाताओं के नाम शामिल करने या हटाने के प्रमाण प्रदान करने को भी कहा था।

**राहुल के आरोप? :** इससे पहले बीते दिन दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया था कि भारत के चुनाव आयोग और भाजपा के बीच मिलीभगत हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना तीसरा कार्यकाल मिला। राहुल गांधी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी सिर्फ 25 सीटों के अंतर से प्रधानमंत्री बने। चुनाव आयोग भाजपा को भारत में चुनावी व्यवस्था को नष्ट करने में मदद कर रहा है। चुनाव आयोग हमें महादेवपुर (कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र) में आंकड़े नहीं दे रहा है। अगर हम अन्य लोकसभा सीटों पर भी ऐसा करें, तो हमारे लोकतंत्र की सच्चाई सामने आ जाएगी।

## भारत पर टैरिफ लगाने के फैसले पर भड़के अमेरिकी सांसद, की ट्रंप की आलोचना

**वाशिंगटन :**अमेरिका के वरिष्ठ डेमोक्रेट सांसद ग्रेगरी मीक्स ने भारत पर लगाए गए ट्रंप प्रशासन के टैरिफ को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि रूस से तेल आयात को लेकर भारत पर ट्रंप द्वारा लगाया गया शुल्क, दोनों देशों के बीच दशकों से बन रही मजबूत साझेदारी को गंभीर खतरे में डाल सकता है। ग्रेगरी मीक्स अमेरिकी कांग्रेस में विदेश मामलों की समिति के प्रमुख सदस्य हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ट्रंप की यह शुल्क संबंधी हताशा भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक, आर्थिक और जन-स्तर के गहरे रिश्तों को नुकसान पहुंचा सकती है। हमारे बीच गहरे रणनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच संबंध हैं। अगर कोई चिंता है, तो उसका समाधान लोकतांत्रिक मूल्यों और आपसी सम्मान के साथ किया जाना चाहिए, मीक्स ने कहा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने भारत पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क (टैरिफ) लगाया था और इसके साथ ही व्यापार वाताएं भी रोक दी थीं। इसके बाद, 4 अगस्त को ट्रंप ने एक बार फिर से अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की और चेतावनी दी कि यदि भारत रूस से तेल खरीद जारी रखता है तो और शुल्क लगाए जाएंगे।

# "टैरिफ का गलत इस्तेमाल हो रहा', ट्रंप के आदेश के खिलाफ भारत को मिला चीन का साथ

**बीजिंग :** टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिकी मनमानी के खिलाफ भारत को चीन का साथ मिला है। चीन ने कहा है कि अमेरिकी सरकार द्वारा टैरिफ का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है और हमारा इसके प्रति विरोध साफ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिसके बाद अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया कुल टैरिफ बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। जब इसे लेकर चीन से प्रतिक्रिया मांगी गई तो चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि 'टैरिफ के दुरुपयोग के प्रति चीन का विरोध सही और स्पष्ट है।'



**भारत ने अपनाया कड़ा रुख:** अमेरिका के टैरिफ लगाने के फैसले पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई। भारत ने आधिकारिक बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम अनुचित, अन्यायपूर्ण और गैरवाजिब है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 'यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर ऐसे कदमों के लिए अतिरिक्त शुल्क लगाने का निर्णय लिया है जब कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में ऐसे कदम उठा रहे हैं। हम दोहराते हैं कि ये कदम अनुचित, अन्यायपूर्ण और अविवेकपूर्ण हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।'

**चीन पर नरमी बरत रहे ट्रंप:** गौरतलब है कि अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के चलते भारत पर टैरिफ लगाने का एलान किया है, लेकिन चीन भी बड़े पैमाने पर रूस से कच्चा तेल खरीदता है, लेकिन चीन के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने चुप्पी साधी हुई है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत भी चल रही है। हाल ही में स्टॉकहोम में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत भी हुई। अमेरिका ने चीन पर लगाए गए 145 प्रतिशत टैरिफ को फिलहाल 90 दिनों के लिए स्थगित किया हुआ है।

## ट्रंप के 50% टैरिफ का दिखा असर, वॉलमार्ट, अमेजन समेत कई कंपनियों ने होल्ड कर दिए भारत के ऑर्डर




**नई दिल्ली :** अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद वॉलमार्ट, अमेजन, टारगेट और गैप सहित प्रमुख अमेरिकी खुदरा विक्रेताओं ने भारत से आने वाले ऑर्डर रोक दिए हैं। भारतीय निर्यातकों को पहले से आशंका थी कि टैरिफ बढ़ने से ऑर्डर प्रभावित हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी खरीदारों की ओर से लेटर और ईमेल भेजे गए हैं, जिनमें कपड़ों की शिपमेंट अगली सूचना तक रोकने को कहा गया है। अमेरिकी कंपनियां चाहती हैं कि टैरिफ से बढ़ी लागत का भार भारतीय निर्यातक उठाएं। अनुमान है कि इससे अमेरिका में बिकने वाले भारतीय सामानों की कीमत 30 से 35 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। वेलस्पन लिविंग, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, इंडो काउंट और ट्राइडेंट जैसे बड़े निर्यातक अमेरिका में 40 से 70 प्रतिशत तक बिक्री करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ऑर्डर रुकने से भारत-अमेरिका व्यापार में 40 से 50 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है। भारत से अमेरिका को सबसे अधिक कपड़े निर्यात होते हैं, लेकिन बढ़े टैरिफ के कारण ये ऑर्डर बांग्लादेश और वियतनाम को मिल सकते हैं। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जबकि बांग्लादेश और वियतनाम पर यह सिर्फ 20 प्रतिशत है।

### कच्छ में भीषण सड़क हादसा

# कार और ट्रेलर की टक्कर में 4 की मौत, 5 घायल

**कच्छ :** गुजरात के कच्छ में गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहां चार लोगों की एक दुर्घटना में जिंदा जलकर मौत हो गई। यह घटना मालियुआ के पास स्थित सूरजबाड़ी पुल की है। बताया जा रहा है कि गुरुवार देर रात एक कार और ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर हुई थी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों में आग लग गई। गाड़ी में सवार चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई और 5 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने इस हादसे की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक चार लोगों की जान जा चुकी थी।


दमकल विभाग ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और संभावित लापरवाही को हादसे का कारण बताया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है और मृतकों की पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

साथ ही पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया है और फॉरेंसिक जांच के आधार पर हादसे के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है। इससे पहले, 25 जुलाई को गुजरात के गांधीनगर में एक कार चालक ने पैदल यात्रियों और बाइक सवारों को कुचल दिया था। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय टाटा सफारी कार की रफ्तार करीब 100 किमी प्रति घंटा से अधिक थी। इस दुर्घटना में एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बता दें कि गुजरात में इससे पहले भी कई सड़क हादसे सामने आ चुके हैं। इसी साल 6 मार्च को साबरकांठा जिले में आलू से भरा ट्रक एक जीप से टकरा गया था, जिसमें तीन की मौत हो गई थी और 19 लोग घायल हो गए थे।

## चलती कार पर पहाड़ी से गिरी चट्टान, दो बच्चों सहित छह की मौत



**चंबा:** जिले के चुराह उपमंडल के चनवास संपर्क मार्ग पर स्विफ्ट कार के गहरी खाई में गिरने से छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल तीसा भिजवा दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के विस्तृत कारणों की जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार बनीखेत से बुलवास की ओर जा रही स्विफ्ट कार पर अचानक पहाड़ी से लुढककर भारी-भरकम पत्थर आ गिरा। इससे कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। परिणस्वरूप कार में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजेश कुमार पुत्र नरेण सिंह गांव बुलवास, हंसों पत्नी राजेश कुमार, आरती पुत्री राजेश कुमार, दीपक पुत्र राजेश कुमार, राकेश कुमार पुत्र हरि सिंह सभी वासी गांव बुलवास और चालक हेम पाल पुत्र इंद्र सिंह गांव सलांचा डाकघर भंजराडू तहसील चुराह जिला चम्बा के तौर पर हुई है। उधर, एसपी चंबा अभिषेक यादव ने घटना की पुष्टि की है।

# जीवन रक्षक प्रणाली पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, हालत चिंताजनक

## दिल्ली के अपोलो अस्पताल में चल रहा इलाज



**नई दिल्ली/रांची:** राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत दिल्ली के एक अस्पताल में अब भी नाजुक बनी हुई है। अस्पताल सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पिछले सप्ताह गिरने के कारण मस्तिष्क में गंभीर चोट आने के बाद उन्हें अस्पताल में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम सोरेन के स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। उन्हें शनिवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता सोरेन (62) को जमशेदपुर स्थित अपने आवास के शौचालय में गिरने के कारण मस्तिष्क में गंभीर चोट लगने के बाद शनिवार को विमान से राष्ट्रीय राजधानी लाया गया था। अस्पताल ने बयान में कहा कि सोरेन को लगातार निगरानी में और जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है।

## नशा उन्मूलन के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान

**चतरा:** झालसा रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निदेर्शानुसार गुरुवार को वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के जोरी पंचायत के अंतर्गत जोरी बाजार में साथी योजना को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में उपस्थित ग्रामीणों को साथी योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। इस दौरान 0 से 18 वर्ष तक के आयु के बच्चे जिनका आधार कार्ड नहीं बन पाया है। उनका आधार कार्ड बनवाने का काम किया जाए। ऐसे बच्चों को चिन्हित का वशिष्ठ नगर जोरी के पीएलवी (अधिकार मित्र) संदीप कुमार गुप्ता एवं गुड़िया कुमारी के माध्यम से डीएलएसए से लोगों को संपर्क करने की अपील किया गया। साथ ही साथ नशा उन्मूलन के बारे में जानकारी दी गई और नशा छोड़ने को ले कर लोगों को बताया गया।

# इंदुमती टिबड़ेवाल में अंग्रेजी मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

संवाददाता



**चतरा:** शहर के दीभा मोहल्ला स्थित स्थानीय इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर के शिशु मंदिर खंड में गुरुवार को भैया बहनों के बीच अंग्रेजी मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन विद्यालय कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष संतन पांडेय, रंजीत कुमार अग्रवाल, शिशु मंदिर खंड प्रमुख अजय कुमार रजक, संगीता शाह एवं गीता सिन्हा एवं झारखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रधानाचार्य द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। भैया बहनों ने अंग्रेजी मेला में कई प्रदर्शनी लगा कर सबों का मन मोह लिया। सभी अतिथि आचार्यों ने बच्चों से उनके प्रदर्श से संबंधित प्रश्न भी पूछे। मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रेरित करते हुए बताया कि आज के दौर में अंग्रेजी की अनिवार्यता बहुत है एवं बिना इसके कुछ भी संभव नहीं। इस तरह के आयोजन से बच्चे बिना बोझ के खेल खेल में सीखते है। कार्यक्रम प्रमुख अंग्रेजी आचार्य लालू यादव एवं सह प्रमुख शिवानी दीदी ने अपने मार्गदर्शन में बच्चों को बड़े ही सरल एवं सहज तरीके से अंग्रेजी प्रदर्शनी हेतु तैयार किया। कार्यक्रम में कुल 216 भैया बहनों ने भाग लिया एवं 300 से अधिक अभिभावक सम्मिलित हुए। सभी भैया बहनों को पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिशु मंदिर खंड के समस्त आचार्य जी दीदी जी ने अपना भरपूर योगदान दिया एवं छोटे बच्चों के बीच अंग्रेजी वातावरण बनाने में अपनी भूमिका निभाई। विषय प्रवेश लालू यादव के द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन संतन पांडेय के द्वारा किया गया एवं शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# 15 अगस्त को दिशोम गुरु शिबू सोरेन का दशकर्म, तैयारियों में जुटा प्रशासन

## बन रहे पंडाल, तालाब की साफ-सफाई, पार्किंग की भी हो रही व्यवस्था





संवाददाता

**रांची:** दिशोम गुरु शिबू सोरेन मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हुए। बीते गुरुवार को उनका तीन कर्म का कार्यक्रम पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। 15 अगस्त को दशकर्म और 16 अगस्त को एकादशा संस्कार (11वां) संपन्न किया जाएगा।

बीते गुरुवार को समाज के ठाकुर द्वारा परंपरा अनुसार घाट पर तीन कर्म की विधियां संपन्न कराई गईं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिता स्वर्गीय शिबू सोरेन को परंपरा अनुसार दातुन, पानी और अरवा चावल अर्पित किया। 10 अगस्त को स्वर्गीय गुरुजी के रिश्तेदारों और परिवार के सदस्यों का छुतका मिटाया जाएगा। वहीं, शिबू सोरेन के दशकर्म यानी 15 अगस्त को देशभर से गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। इसके चलते शिबू सोरेन के निवास स्थल के पास बड़े पंडाल लगाए जा रहे हैं। तालाब की सफाई, पार्किंग की व्यवस्था और आगंतुकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था की जा रही है।

## शिबू सोरेन की जीवनी को शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करें सरकार: आलोक दुबे



**रांची:** झारखंड के जननायक दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जीवनी को स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने झारखंड सरकार से की है।

पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि झारखंड के जननायक को जानना प्रत्येक झारखंडी बच्चे का अधिकार है। दिशोम गुरु का जीवन त्याग, संघर्ष और सामाजिक न्याय का प्रतीक है, जिससे भावी पीढ़ियां प्रेरणा लेंगी।" उन्होंने बताया कि पासवा का एक प्रतिनिधिमंडल बहुत जल्द मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री संदीप कुमार सोनू से मुलाकात कर इस विषय पर गंभीर चर्चा करेगा और शिक्षा पाठ्यक्रम में समावेशन के लिए औपचारिक प्रस्ताव सौंपेगा। इस मांग को केवल शब्दों तक सीमित न रखते हुए, पासवा ने जमीनी स्तर पर पहल की शुरूआत भी कर दी है।

पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार ने विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों को दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जीवन, आंदोलन, आदिवासी हितों के लिए किए गए संघर्ष और उनके राजनीतिक योगदान की विस्तार से जानकारी दी। पासवा का उद्देश्य है कि बच्चों में अपने राज्य के गौरवपूर्ण इतिहास के प्रति चेतना विकसित हो और वे अपने नायकों से प्रेरणा लें।

## विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

# उज्जवल विहिप नगर अध्यक्ष व राजकुमार चंद्रवंशी बने नगर संरक्षक



संवाददाता

**चतरा:** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक गुरुवार को स्थानीय पथलदास मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर साव ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री सुधीर कुमार ने किया।बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला मंत्री सुधीर कुमार ने बताया कि यह बैठक एक अगस्त से तीन अगस्त तक आयोजित प्रांत कार्यसमिति बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में बुलाई गई थी। उन्होंने बताया कि 10 से 12 अगस्त तक जिले के सभी प्रखंडों में पंचायत और ग्राम समितियों के साथ प्रखंड स्तरीय बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में प्रखंड पालकों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।बैठक में आगामी कार्यक्रमों जैसे अखंड भारत संकल्प दिवस, परिषद स्थापना दिवस, दुर्गाष्टमी और संगठन विस्तार आदि को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही अंशकालिक विस्तारक के रूप में कार्यकताओं की नियुक्ति पर भी विचार किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर साव ने कहा कि परिषद का स्थापना दिवस समारोह 16 से 31 अगस्त के बीच सभी प्रखंडों में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रखंड संयोजक और मुख्य वक्ताओं की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने कहा, विश्व हिंदू परिषद का उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय चेतना का प्रसार करना है। प्रत्येक गांव और पंचायत तक संगठन की गतिविधियों को सक्रिय करना हमारी प्राथमिकता है।बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित पांडे ने कहा कि बजरंग दल के प्रखंड और पंचायत स्तर की समितियों को सुदृढ़ किया जाएगा तथा सभी गांवों तक संगठन का विस्तार सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक के अंत में विभाग मंत्री अनूप यादव के टेलीफोनिक निदेर्शानुसार

**पिपरवार प्रखंड अध्यक्ष: सुनील प्रसाद विहिप नगर अध्यक्ष :** उज्जवल,विहिप नगर संरक्षकः राजकुमार चंद्रवंशी

**कान्हाचट्टी प्रखंड बजरंग दल संयोजक:** बबलू रविदास को नियुक्त किया गया।बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर साव, जिला मंत्री सुधीर कुमार, बजरंग दल जिला संयोजक अंकित पांडे, जिला सत्संग प्रमुख रोशन पांडे, जिला विद्यार्थी प्रमुख राजा कुमार, जिला सह संयोजक लेखराज कुमार जिला अखाड़ा प्रमुख गोलू बाबू शाह, जिला गोरक्षा प्रमुख संतोष कुमार भोगता, पत्थलगड़ा प्रखंड अध्यक्ष कैलाश दांगी , लक्ष्मण मंडल, अविनाश कुमार, जितेंद्र कुमार, मुकेश राणा,लालबहादुर नवीन कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सभी सरकारी विद्यालयों में राज्य स्तरीय रेल परीक्षा का सफल आयोजन

**चतरा:** जिला अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा संचालित 1568 सरकारी विद्यालयों में गुरुवार को एक साथ राज्य स्तरीय रेल परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों की नियमित शैक्षणिक प्रगति का आकलन करना तथा समयबद्ध ढंग से पाठ्यक्रम की पूर्ति सुनिश्चित करना है। कक्षा 1 से 12 वीं तक के सभी विषयों की परीक्षा का आयोजन एक ही दिन में सुचारू रूप से संपन्न हुआ। परीक्षा के सफल संचालन हेतु उपायुक्त चतरा के निदेर्शानुसार सभी प्रखंडों में नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बीआरपी, सीआरपी, एडीपीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी सुनिश्चित की गई। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के कुशल समन्वय तथा शिक्षकों एवं छात्रों के सहयोग से यह परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर शोक सभा का आयोजन

## 2 मिनट का मौन रखकर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

संवाददाता



**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड कार्यालय परिसर और झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय भवन में बीडीओ और पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में स्वर्गीय शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।शोक सभा में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप और पंचायत प्रतिनिधियों ने शिबू सोरेन की उपलब्धियों, उनके द्वारा किए गए आंदोलनकारी कार्यों और झारखंड राज्य अलग बनाने में उनके योगदान के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। सभी ने उनके नेतृत्व और समर्पण की सराहना की और उन्हें एक सच्चा नेता बताया। मौके पर शोक सभा में जोरी कला मुखिया रामरतन साहू,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, प्रखंड सचिव महेंद्र कुमार यादव, प्रखंड कोषाध्यक्ष राजेश यादव, गौतम कुमार, संजय रजक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा में रक्षा बंधन कार्यक्रम



**चतरा:** स्थानीय मुख्यालय क्षेत्र रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर में रक्षाबंधन के अवसर पर गुरुवार को भैया बहनों के बीच रक्षाबंधन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बहनों ने भैया के कलाई पर राखी बांधी यह कार्यक्रम विशेष तरीकों से आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम भैया बहनों को वंदना स्थल पर पंक्तिबद्ध तरीके से बैठाया गया।इसके बाद विद्यालय के आचार्य सतीश चंद्र अचल जी के द्वारा रक्षा मंत्र की स्तुति की गई। इसके साथ ही कक्षा के अनुसार सभी बहनों ने सभी भैया को कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा एवं छोटे भैया को आशीर्वाद दिया। वहीं बड़े भैया से आशीर्वाद एवं बड़े भैया से रक्षा का अपेक्षा रखा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन प्राचीन काल से चलते आ रहा है । यह परंपरा है जो भाई और बहनों के बीच का प्यार और स्नेह के महत्व को दिखाता है ।जब प्राचीन काल के राजाओं या रानियां को किसी प्रकार की सुरक्षा की कमी महसूस होती थी तो वह रक्षा सूत्र अपने से बड़े राजाओं को भेजते थे और राजा महाराजा भी अपने रक्षा सूत्र के महत्व को रखते थे। उनके बीच लड़ाई ना करके सुरक्षा के लिए हमेशा खड़ा रहते थे। ऐसा ही आज भी रक्षाबंधन का महत्व को समझेंगे और अपनी बहनों के लिए तत्परता के साथ हमेशा सुरक्षा के लिए खड़े रहेंगे ।इसको हम अपने जीवन भर निभाएंगे । इस कार्यक्रम के पश्चात सभी भैया बहनों को मिष्ठान दिया गया ।उसके बाद कार्यक्रम समापन किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या मौजूद थे।

## चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# अवैध अफीम के साथ तीन तस्कर व लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार



संवाददाता

**चतरा:** जिला पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में एक किलोग्राम अफीम के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया। वहीं एक अन्य मामले में लुट के तीन आरोपियों को धर दबोचा। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कर दोनो मामलों की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि चतरा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार सुमन के नेतृत्व में छापेमारी दल ने वशिष्ठनगर थाना अंतर्गत पाखा नाला के पास एक बाइक के साथ तीन लोगों को पकड़ा और उनके पास से 1.076 किलोग्राम अवैध अफीम जब्त की गई। वहीं मारपीट एंव लूट के मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमरिया शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में छापेमारी दल ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 21000/- रुपये नकद, 7 मोबाइल, एक मोटरसाइकिल और एक चाकू आदि बरामद किया गया। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि अफीम बरामदगी मामले में वशिष्ठनगर थाना कांड संख्या-50/25 दिनांक-06/08/25 धारा-17(बी)/18(सी)/28/26 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है। इस मामले में महेंद्र कुमार यादव ग्राम कुरसाले, थाना बशिष्ठ नगर, दिनेश कुमार यादव ग्राम राजगुरुआ, टोला देकीकुटा, थाना सदर जिला चतरा और सत्येंद्र कुमार यादव ग्राम राजगुरुआ, टोला देकीकुटा, थाना सदर को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।दूसरा मामला सदर थाना कांड संख्या-261/25, दिनांक 05.08.2025, धारा-3009(6) बीएनएस के तहत दर्ज मामलों में अभियुक्त जय कुमार उर्फ जय कुमार तिवारी ग्राम देवरिया थाना सदर,अमित कुमार ग्राम देवरिया थाना सदर और रंजन कुमार ग्राम देवरिया थाना सदर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों पर मारपीट करने, पैसे और मोबाइल फोन लूटने का आरोप है। वादी अर्जुन साव द्वारा 5 अगस्त को लावालौंग थाना में मारपीट और लूट से सम्बंधित चार अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था।

## सड़क पर धान रोपाई कर वन विभाग के प्रति जताया कड़ा विरोध



**चतरा:** लावालौंग प्रखंड मुख्यालय के मेन चौक से शुरू होने वाले लावालौंग पांकी मुख्य सड़क वन विभाग की लापरवाही के कारण और भी बद से बदतर हो गई है।उक्त विषय से आक्रोशित ग्रामीणों एवं राहगीरों ने मुख्य सड़क पर ही धान की रोपाई कर दी। वहीं कब्रिस्तान के समीप कीचड़ में तब्दील सड़क पर ही सैकड़ो ग्रामीणों ने धरना दे दिया।आक्रोशित ग्रामीण जागेश्वर महतो एवं समाजसेवी सुबोध कुमार ने कहा कि वन विभाग एवं इसके वरीय पदाधिकारियों के रवैये के कारण लावालौंग में सैकड़ो विकास कार्य बाधित हैं। अगर वन विभाग के पदाधिकारियों को लगता है कि लावालौंग के जंगल में जंगली जीव जन्तु बचे हैं तो उनका वे सर्वे कराएँ और पूर्ण रूप से लावालौंग को पर्यटन के रूप में तब्दील करें।जबकि क्षेत्र में कहीं जंगली जीवों का नामो निशान तक नहीं। कहा कि वन विभाग विकास कार्यों में बाधक बनना बंद करें।इधर रिमी पंचायत मुखिया के पुत्र सह समाजसेवी विकास कुमार ने भी मोरम की जगह मिट्टी डालकर सड़क की स्थिति और भी जर्जर बनाने को लेकर वन विभाग के रेंजर को खरी खोटी सुनाई। ग्रामीणों ने कहा कि हम जंगली पशु नहीं बल्कि इंसान है हमें भी मूलभूत सुविधाएँ चाहिए। धरना की सूचना पाकर बीडीओ विपिन कुमार भारती ने स्थल पर पहुंचकर पहले तो वन विभाग के कार्यशैली पर कड़ा रोष प्रकट किया। फिर लोगों को आश्वासन दिया कि कल इस कीचड़ में क्रशर चूर्ण या डस्ट भरवाया जाएगा। ताकि लोगों को परेशानी ना हो। उन्होंने बताया की 15 दिनों पूर्व ही हमने पथरीला मोरम भरवाने के लिए प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया था। जैसे ही वर्षा थमती,वैसे ही भराई का काम शुरू होना था।

### नेमरा गांव से चल रही राज्य की सरकार

# सीएम ने लिया दिशोम गुरू के सपनों को पूरा करने का संकल्प

**संवाददाता**

**रांची:** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अंतिम संस्कार के बाद मुख्यमंत्री अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिला के नेमरा गांव में है। पिछले चार दिनों से नेमरा गांव से ही राज्य की सरकार का संचालन हो रहा है। मुख्यमंत्री के साथ सरकार के आलाधिकारी नेमरा गांव में ही डेरा डाले हुए है। अपने पैतृक आवास में ही रहकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकारी कामकाज का निपटारा कर रहे है।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट किया। जिसमें मुख्यमंत्री फाइलों पर साइन करते नजर आ रहे है।



मुख्यमंत्री ने उस तस्वीर को पोस्ट करते हुए लिखा कि बाबा दिशोम गुरु के हर सपने को पूरा करेगा उनका बेटा। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि हमारे वीर पुरखों का संघर्ष और बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री के इस पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए ऑफिस ऑफ चीफ मिनिस्टर झारखंड यानी कि मुख्यमंत्री कार्यालय के सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा गया कि पिता साथ नहीं हैं, मगर शोक में डूबा बेटा, राज्य के मुखिया अपना परम कर्तव्य भी निभा रहे हैं। इसके साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए लिखा कि क्योंकि दिशोम गुरुजी के लिए भी झारखंड सर्वोपरि था। वीर दिशोम गुरू शिबू सोरेन अमर रहें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस पोस्ट को लेकर कई प्रतिक्रियाएं भी आई जिसमें दुःख के इस घड़ी में मुख्यमंत्री का राज्य की जनता के प्रति इस कर्तव्य की खूब सराहना हो रही है।

## इमरान प्रतापगढ़ी से भेंटकर दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**रांची:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी (अल्पसंख्यक विभाग) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से उनके दिल्ली स्थित आवासीय कार्यालय में झारखण्ड प्रदेश प्रभारी जीनल एन गाला और प्रदेश अध्यक्ष जनाब मंजूर अंसारी के नेतृत्व में शिष्टाचार मुलाकात कर उनके जन्मदिन पर मुबारकबाद दी। इस दौरान प्रदेश के संगठन महासचिव मो हसनैन आलम ,प्रदेश प्रवक्ता सह प्रदेश महासचिव जैतून जॉन और प्रदेश महासचिव अर्शदुल कादरी एवं राँची महानगर अध्यक्ष हुसैन खान शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढी जी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के संपन्न कार्यक्रमों एवं गठबंधन सरकार की अल्पसंख्यक योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बतायें तथा झारखण्ड में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने से संबंधित चर्चा किये।

# शिबू सोरेन के सम्मान में झामुमो ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**संवाददाता**

**सिमडेगा/कोलेबिरा :-** प्रखंड के कोलेबिरा स्टेडियम में स्वर्गीय दिशोम गुरु वीर शिबू सोरेन के सम्मान में झारखंड मुक्ति मोर्चा कोलेबिरा प्रखंड द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित झामुमो जिला समिति के पदाधिकारी गण केंद्रीय समिति सदस्य गण कोलेबिरा प्रखंड के झामुमो पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना जिला सचिव शफीक खान, केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली, केंद्रीय समिति सदस्य नुवास केरकेट्टा, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील खेस, केंद्रीय समिति सदस्य प्रफुल्लित डुंगडुंग,



उपाध्यक्ष अनिल तिर्की जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेन, महिला उपाध्यक्ष फूलकुमारी समद ,कीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष देवेंद्र साहू ,कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश प्रकाश बागे, प्रखंड सचिव बिरीश डुंगडुंग, प्रखंड कोषाध्यक्ष सनी रिजवान ,उपाध्यक्ष एल्विन समद ,नगर अध्यक्ष अनस आलम, नगर उपाध्यक्ष बीरबल महतो जोनास डांग, हेमराज डुंगडुंग एवं झामुमो कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# अस्तित्व फाउंडेशन की चौथी वर्षगांठ पर महिला उद्यमिता पर संगोष्ठी का आयोजन

**मेट्रो रेज**

**रांची:** लघु उद्योग भारती महिला विंग, रांची की कर्मठ सदस्य ममता कुमारी द्वारा संचालित संस्था अस्तित्व फाउंडेशन के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक महिला उद्यमिता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संस्था विशेष रूप से सैनिटरी पैड और महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य कर रही है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लघु उद्योग भारती, रांची महिला विंग की अध्यक्ष सरिता पांडेय उपस्थित रहीं।

अपने संबोधन में सरिता जी ने ममता कुमारी और उनकी संस्था की सराहना करते हुए कहा,अस्तित्व फाउंडेशन न केवल शहरी क्षेत्रों में, बल्कि



दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में भी गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं तक अपनी सेवाएं पहुँचा रही है। यह कार्य निःस्वार्थ भाव से किया जा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है।उन्होंने यह भी कहा कि हमारे देश को ममता जैसी समर्पित महिलाओं की आवश्यकता है, जो बिना किसी स्वार्थ के समाज के लिए कार्य करती हैं। जब महिलाएं एकजुट होकर स्वयं को सशक्त बनाती हैं, तो वे अपने रोजगार के साधन भी विकसित कर सकती हैं। यही लघु उद्योग भारती का मूल उद्देश्य है झ हर महिला को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना। सरिता ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुद्रा योजना, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई आदि की जानकारी दी और कहा कि इन योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं अपने उद्यम की शुरूआत कर सकती हैं । बस आवश्यकता है एक कदम बढ़ाने की।

### कल्पना सोरेन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को लेकर किया भावनात्मक पोस्ट, कहा-

# बाबा आपके सपनों को जीना अब हमारा धर्म है

**संवाददाता**

**रांची:** पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के बाद से हर कोई उदास है। शिबू सोरेन का परिवार हर रोज उन्हें याद कर रहा है। इसी बीच शिबू सोरेन की छोटी बहू कल्पना सोरेन ने भावुक पत्र लिखा है।

**आप सिर्फ मेरे ससुर नहीं थे:**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रिय बाबा, जब पूरा देश आपको अश्रुपूरित नेत्रों से विदा कर रहा है, मैंने एक कोना पकड़ लिया है, अपनी आधी जिंदगी जिस वट वृक्ष के साये में महफूज हो कर काटी - आज आपके जाने से वह बेटी-सी बहू अपनी टूटी हुई हिम्मत बटोरने का



साहस नहीं कर पा रही है। मैं जानती हूं, आप सिर्फ मेरे ससुर नहीं थे, आप झारखंड के बाबा थे हर उस बच्चे के, जिसने जंगलों की गोद में जन्म लिया और संघर्ष को पहली सांस में महसूस किया। जब मैं पहली बार इस परिवार में आई, तो आपके व्यक्तित्व पर गौरव हुआ। आपकी सादगी, आपकी आवाज में ठहराव, और सबसे जरूरी आपका सुनना। आप सुनते थे हर किसान की चिंता, हर औरत का दर्द, हर मां की खामोशी हर झारखंडी के अरमान।

**आपके बिना जीना मुश्किल है:**कल्पना सोरेन ने आगे लिखा, आपने राजनीति को घर की तरह जिया जहां सत्ता नहीं, संबंधों का सम्मान होता है। आपके पास बड़ी डिग्रियां से भी बड़ी - दृष्टि दूरदर्शी थी। आपने केवल झारखंड को खड़ा नहीं किया हम सबको आत्मनिर्भर होने का हौसला दिया। जब आप झारखंड कहते थे, तो वो शब्द भूगोल नहीं, संवेदना बन जाता था। बाबा, मैंने आपको कभी पिता की तरह देखा, कभी एक संत की तरह, और कभी एक तपस्वी की तरह जो न सत्ता चाहता था, न वाहवाही बस अपनी माटी की, अपने लोगों की इज्जत चाहता था। आज आप नहीं हैं, पर आपकी चाल की गूंज हर गांव के रास्ते पर है। आपकी चप्पलों की खामोशी हर विधानसभा में गूंज रही है। बाबा, आपने झारखंड को छोड़ा नहीं है आप तो हर उस बेटी की आंख में हैं, जो अपने जंगल, अपने खेत, अपने सपनों को बचाना चाहती है। आप हर उस मां की सांस में हैं, जो चाहती है कि उसके बेटे भी एक दिन आपकी तरह गुरु एवं सच्चे इंसान बने। आपका सपना, अब हमारी जिम्मेदारी है। मैं, एक बहू नहीं आपकी बेटी, आपसे वादा करती हूं: आपका नाम सिर्फ इतिहास में नहीं रहेगा वो हर लड़की के साहस में, हर गांव के संघर्ष में, और झारखंड की हर सांस में जिंदा रहेगा। आपको झारखंड की हर बेटी का नम्र प्रणाम। आप हमारे संस्कार बन गए हैं। आपके बिना जीना मुश्किल है, पर आपके सपनों को जीना अब हमारा धर्म है

# प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**रांची:** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के सदस्यों व अरगोड़ा न्यू बायपास चौक पर परिचालन करने वाले ऑटो चालक मालिकों की बैठक अरगोड़ा मैदान में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने की। आज की बैठक में उपस्थित ऑटो चालक मालिकों व ई रिक्शा चालकों का कहना था कि चौक चौराहा से 50 मीटर दूरी हटकर भी हम लोग ऑटो व

ई रिक्शा का परिचालन करते हैं फिर भी हम लोगों को यातायात प्रशासन बेवजह परेशान करता है । अरगोड़ा चौक से गुजरने



वाले सभी ऑटो चालक मालिकों से नगर निगम का टोल टैक्स लिया जाता है परंतु नगर निगम द्वारा ऑटो चालक ई रिक्शा चालकों को कहीं भी पार्किंग के नाम पर जगह नहीं दिया गया है जिसके चलते चारों तरफ से आने जाने वाले ऑटो चालक को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और पैसा नहीं देने पर ठेकेदार के आदमी गाली गलौज भी कभी-कभी मारपीट भी करता है। इस पर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने चालकों को बताया कि यातायात प्रशासन द्वारा रांची शहर में परिचालन करने वाले ऑटो चालक मालिकों ई रिक्शा चालक मालिकों के लिए कुछ निर्देश जारी किया गया है परंतु बहुत सारे ऐसे ऑटो व ई रिक्शा चालक मालिक है जो जिला प्रशासन के आदेशों की अनदेखी करते हुए अपने ऑटो व ई-रिक्शा का परिचालन कर रहे है। किसी चालक का पहचान आई कार्ड भी नहीं है ना ही नेम प्लेट है और बहुत सारे ऑटो चालक मालिक जो वर्दी में अपना ऑटो का परिचालन नहीं कर रहे हैं उन सब को जिला प्रशासन का आदेश को मानते हुए चौक चौराहों से 50 मीटर दूरी हटकर एक लाइन से चौक चौराहा जाम मुक्त बनाते हुए अपना ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन कर सकते हैं । दिनेश सोनी ने यह भी बताया कि 11 अगस्त 2025 को एक लिखित आवेदन सभी यातायात थाना में दी जाएगी और रांची नगर निगम के आयुक्त से भी मुलाकात कर चौक चौराहों पर टेंडर के नाम पर मनमानी पैसा वसूली कर रहे हैं उसकी लिखित शिकायत महासंघ के प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त को दी जाएगी ।



# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याएं अधिकारियों को कार्रवाई का दिया निर्देश

**सिमडेगा:** उपायुक्त कंचन सिंह ने सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों ने व्यक्तिगत, सामाजिक तथा प्रशासनिक मुद्दों को सामने रखा। जनता दरबार में आई प्रमुख शिकायतों में जमीन पर अवैध कब्जा, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाना, लंबित मानदेय का भुगतान, मकान के ऊपर से गुजर रही 11,000 वोल्ट विद्युत तार को हटाना, धमकी देकर अवैध रूप से धन की मांग, जमा वृद्धि अंतर्गत राशि की वापसी, अंचल कार्यालय से एनसीएल प्रमाण पत्र जारी कराना, आंगनवाड़ी चयन में अनियमितता, पति के इलाज में हुए खर्च की माफी, दाखिल-खारिज से संबंधित मुद्दे और बिजली बिल माफी जैसी समस्याएं शामिल थीं। उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई होनी चाहिए और शिकायतकर्ता को जानकारी भी दी जाए। जनता दरबार के माध्यम से प्रशासन और जनता के बीच संवाद स्थापित कर समस्याओं का समाधान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। मौके पर उप विकास आयुक्त श्री दीपांकर चौधरी समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मनाया गया रक्षावंधन

**सिमडेगा:** एकल अभियान अंचल सिमडेगा संच कोलेबिरा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कोलेबिरा थाना के थाना प्रभारी हर्ष कुमार साह,थाना के एस आई,एएसआई इंद्रजीत समद और उपस्थित सशस्त्र बल के जवानों और पुलिस अधिकारियों के साथ रक्षावंधन का त्योहार मनाया ।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

पत्र सं.– 90-EL/TRD/JU/TEND/07&08 दिनांक 05.08.2025

डी.आर.एम. / कर्षण वितरण, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई–निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय : 29.08.2025 को 15.00 बजे तक 3. ई–निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 29.08.2025 को 15.00 बजे के बाद निविदा संख्या : 07-TRD-JU-ETENDER-25-26 कार्य का नाम : Provision of SSP at 15 different locations over JU division to enhance operational efficiency of TRD system. कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) : ₹ 117862065.39 निविदा संख्या : 08-TRD-JU-ETENDER-25-26 कार्य का नाम : Annual Maintenance Contract of Cummins Make Engine with other parts of 01 no. of 08-Wheeler Tower Wagons Over Jodhpur Division For a Period of 03 Years. कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) : ₹ 5247752.00 विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें।

972-CR/25

NWRailways NWRailways_


### जमीअतुल कुरैश चौरासी पंचायत सम्मेलन संपन्न

# राज्य व केन्द्र सरकार से समस्याओं के समाधान की मांग

**मेट्रो रेज**

**रांची:** जमीअतुल कुरैश कांफ्रेंस के तत्वावधान में हाजी असलम बैंक्वेट हॉल में जमीअतुल कुरैश चौरासी पंचायत झारखंड के अध्यक्ष अफसर कुरैशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जमीअतुल कुररैश चौरासी पंचायत सम्मेलन में कुरैशी समाज के सामाजिक, शैक्षणिक , आर्थिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर झारखंड से आए कुरैशी पंचायत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार रखे एवं राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार से समस्याओं के समाधान की मांग की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जमीअतुल कुरैश चौरासी पंचायत के महासचिव मुमताज कुरैशी ने कुरैशी समाज के ज्वलंत समस्याओं से लोगों को अवगत कराया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली से आए जमीअतुल कुरैश कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनव्वर अली. कुरैशी सीनियर अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट एवं राष्ट्रीय महासचिव आशिकीन कुरैशी ने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि कुरैशी समाज झारखंड में लगभग 6 लाख है, लेकिन इस समाज के नेतृत्व का निर्माण नहीं हो पाया है



और हर स्तर पर यह समाज बहुत पीछे है। कुरैशी समाज एक व्यापारी समाज है जो अपने परिवार का पालन पोषण पशु व्यापार, मीट व्यापार द्वारा करता है,मगर अब यह व्यापार करना मुश्किल हो गया है और मीट व्यापार में सुधार की जरूरत है । मीट व्यापार लाखों लोगों के रोजी-रोटी से जुड़ा व्यापार है एवं इस व्यापार में समाज के अलग-अलग वर्ग से लोग जुड़े हैं ।उन्होंने आगे कहा कि मीट व्यापार से किसान, पशु व्यापारी, मीट शॉप मालिक, बूचर, ट्रांसपोर्टर आदि सभी जुड़े हैं ।झारखंड में नगर निगम के द्वारा सभी पशु वधशाला बंद पड़े हैं तथा पशु बाजारों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है ।

गैर सरकारी संगठनों द्वारा पशुओं के लूटपाट से पशु व्यापारियों को शारीरिक एवं आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाया जाता है जो सरासर गलत है। मीट व्यापार सीधे तौर पर डेयरी विकास तथा किसानों के आर्थिक विकास से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने राज्य मीट बोर्ड के गठन और एकल विंडो सिस्टम लागू करने, कुरैश समाज के शैक्षणिक तथा आर्थिक विकास के लिए कोचिंग और गाइडेंस सेंटर तथा स्कीम डेवलपमेंट सेंटर खोले जाने की मांग झारखंड सरकार से की। इस मौके पर जमीअतुल हवारीन झारखंड के अध्यक्ष मो. इसलाम ने जमीअतुल कुरैश चौरासी पंचायत के लोगों की सराहना करते हुए समाज के हर वर्ग के लोगों से शैक्षणिक जागरूकता की बात कही एवं कहा कि इतिहास तो सभी पढ़ते हैं पर बहुत कम लोग इतिहास का हिस्सा बनते हैं। अफसर कुरैशी व मुमताज कुरैशी सहित उनके कारवां में शामिल तमाम लोग अपने कार्यों से आने वाले दिनों में कुरैशी समाज के इतिहास का अटूट हिस्सा बनेंगे।अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में जमीअतुल कुरैश चौरासी पंचायत झारखंड के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि कुरैशी समाज ने उनसे विकास के प्रति जो उम्मीद लगाई है उनपर वे पूरी तरह खरा उतरेंगे एवं हर संभव अपने समाज के विकास के लिए उनकी अग्रिम भूमिका रहेगी। कुरैशी समाज के ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु अविलंब झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन देने की बात कही। कार्यक्रम में हाजी तौफीक कुरैशी , हाजी बिलाल कुरैशी, शादाब कुरैशी, छोटू कुरैशी (धनबाद ),नईम कुरैशी (कोडरमा ),अली हैदर कुरैशी ( बरही),शब्बीर कुरैशी (हजारीबाग), गुड्डन कुरैशी (मांडू ) शमीम कुरैशी (बालूमाथ ),कमरुद्दीन कुरैशी (गुमला), शादाब कुरैशी ,कमरुज्जमा कुरैशी ( लोहरदगा), सजर कुरैशी (सिमडेगा), बारीक कुरैशी (कांके),मुनाजिर कुरैशी (जमशेदपुर), फारूक कुरैशी ( बाढ़ू),लतीफ कुरैशी (चान्हो ),जिलानी कुरैशी ( लाहपूर),मुस्तफा कुरैशी, आजाद कुरैशी, चांद कुरैशी,नाजिश कुरैशी सहित झारखंड के विभिन्न जिलों के जमीअतुल कुरैश के प्रतिनिधिगण सहित गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत तेलावते कलाम पाक से की गई। धन्यवाद ज्ञापन हाजी बेलाल कुरैशी ने किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या – 9 वर्ष 2025–2026**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 13.08.2025 को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 14.08.2025 को अपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.08.2025 को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | E/R to Colour Work for Flag Hoasting at the campus of Deputy Commissioner's Residence, Collectorate Building Campus, District court campus, PDJ Residence & Kutchahary Maidan Manch on the ocassion of 15th August 2025 at Khunti , Dist - Khunti for the Year of 2025-2026. | 2,95,000.00 | 750.00 | 5,900.00 | 1 Day |

नोट:- झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक 2148 (S) राँची, दिनांक 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।

निविदा की शर्तें सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, खूँटी।

PR 359132 (Building) 25-26 (D)

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## कुदरत का कोहराम

मानसून की दस्तक के साथ ही हिमाचल व उत्तराखंड में दरकते पहाड़ व रौद्र रूप दिखाती नदियां चिंता बढ़ाने वाली हैं। कुदरत के कहर के सामने इंसान बौना ही नजर आता है। तमाम मुख्य नदियां उफान पर हैं। जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें ठप पड़ी हैं। हिमाचल में मूसलाधार बारिश के बीच मलबा व पत्थर गिरने से सैकड़ों सड़कें बंद हो गई हैं। सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। पहले हम गर्मी से त्रस्त होकर बारिश की आस लगाए होते हैं, लेकिन जब बारिश आती है तो स्थितियां डराने वाली हो जाती हैं। निस्संदेह ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। बारिश कम समय में ज्यादा मात्रा में बरसती है। जिससे न केवल पहाड़ों में कटाव बढ़ जाता है बल्कि पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा गिरकर रास्तों व पानी के प्राकृतिक मार्गों को अवरुद्ध कर देता है। यह संकट इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि हमने पहाड़ों को विलसिता का केंद्र बना दिया है। तीर्थाटन अब पर्यटन जैसा हो गया है। पर्यटकों के वाहनों से छोटी सड़कें और पुल दबाव में हैं। नीति-नियंताओं ने पहाड़ों में सड़कों को फोर लेन-सिक्स लेन बनाने का जो उपक्रम किया है, उससे पहाड़ों का नैसर्गिक वातावरण खतरे में है। पहाड़ों के किनारे काटने से भूस्खलन की गति तेज हुई है। गाहे-बगाहे पहाड़ों का मलबा सड़कों पर गिरकर यातायात को अवरुद्ध कर देता है। यात्रियों के जीवन पर हर समय संकट बना रहता है। हिमाचल की ही तरह से कुदरत के कोहराम से उत्तराखंड भी बुरी तरह त्रस्त है। भागीरथी, अलकनंदा, मंदाकिनी व पिंडर आदि नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर मलबा गिरने की घटनाएं बढ़ने से यात्रा कुछ समय के लिये स्थगित की गई है। बार-बार भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया जा रहा है। जगह-जगह सड़कों के कटने से सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। कई गांवों को जोड़ने वाली सड़कें बह गई हैं। बादल फटने की आशंका भी लगातार बनी रहती है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री जाने वाले मार्ग जगह-जगह बाधित हैं। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टियां घोषित की गई हैं। सामान्य जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई मोटरमार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हुए हैं। कई छोटे पुल बह गए हैं। कई निचले स्थानों से लोगों को हटाया गया है। कुल मिलाकर लाखों लोगों को अतिवृष्टि ने बंधक बना दिया है। निश्चित रूप से तेज बारिश और उसके प्रभाव इंसानी नियंत्रण से बाहर होते हैं। लेकिन इसके बावजूद पहाड़ी इलाकों में विकास के मॉडल पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। पहाड़ अध्यात्म के केंद्र भी रहे हैं, उन्हें पर्यटकों की विलसिता का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए। हमें अपेक्षाकृत नये हिमालयी पहाड़ों और उसके परिस्थितिकीय तंत्र के प्रति संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। ज्यादा मानवीय हस्तक्षेप से ग्लेशियर पिघल रहे हैं और नदियों का बढ़ा जल संकट का कारण भी बन रहा है।

## किसान हित पहले

देश को धीरे-धीरे समझ आने लगा है कि भारतीय कृषि व डेरी क्षेत्र में अमेरिकी उत्पाद खपाने के लिये ही डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ आंतक फैला रहे हैं। यही वजह है कि पहले संयम दिखाने के बाद भारत ने निरंकुश ट्रंप सरकार को चेता दिया है कि भारतीय किसानों व दुग्ध उत्पादकों के हितों की बलि नहीं दी जा सकती। हमारे लिये यह देश की एक बड़ी कृषि व डेरी उद्योग से जुड़ी आबादी के जीवन-यापन का भी प्रश्न है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप द्वारा अतार्किक टैरिफ बढ़ाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने देश के किसानों को आश्वस्त किया है कि उनके हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। भारत में हरित क्रांति के सूत्रधार,प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के मौके पर उनका यह बयान और महत्वपूर्ण व प्रासंगिक हो जाता है। कृतज्ञ राष्ट्र स्वीकार करता है कि स्वामीनाथन के हरित क्रांति में योगदान से भारत खाद्यान्न की कमी से उबरकर आज खाद्यान्न अधिशेष वाला राष्ट्र बन गया है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि भारत वाशिंगटन के उन मंसूबों पर पानी फेरने के लिये खड़ा हो गया है, जिनके तहत अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों से कम टैरिफ के साथ भारत के बाजार को पाटना चाहता है। निस्संदेह, भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तीन प्रमुख क्षेत्रों कृषि, डेरी फार्मिंग और मत्स्य पालन से जुड़े करोड़ों लोगों की अजीविका की रक्षा करने के लिये प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता सराहनीय है। हालांकि, इस दृढ़ संकल्प की परीक्षा ट्रंप शासन द्वारा ली जाएगी। जो भारत द्वारा रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीदने के मुद्दे को लेकर लगातार दबाव बना रहा है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय राजनीति में किसान उत्पादक व उपभोक्ता से इतर बड़ा राजनीतिक घटक भी है। ऐसे में जाहिर है कि प्रधानमंत्री मोदी कृषक समुदाय को किसी भी कीमत पर नाराज नहीं करना चाहेंगे। इसमें दो राय नहीं कि विगत में भी किसान असंतोष को राजनीतिक हथियार बनाने में विपक्ष ने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी थी। खासकर केंद्र सरकार ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ वर्ष 2020-21 में दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले किसान आंदोलन से कड़वा सबक सीखा है। किसान लंबे समय तक अपनी मांगों को लेकर डटे रहे थे। जिसके बाद अंततः इन विवादास्पद कानूनों को निरस्त कर दिया गया था। इस बीच आंदोलन में किसानों ने अपने अनेक साथियों को खोया था। दरअसल, आंदोलनकारी किसानों की एक मुख्य मांग- विभिन्न कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने की थी। कृषि संगठनों के साथ लंबी चली कई दौर की बातचीत के बावजूद एमएसपी मुद्दे पर गतिरोध कायम है। आज अमेरिकी दबाव का सामना करने के लिये विभिन्न हितधारकों को एकजुट होने की आवश्यकता है। बहरहाल, अमेरिका के खतरनाक मंसूबे अब उजागर होने लगे हैं। वह भारत के बाजार को अपने डेरी उत्पादों के लिये डंपिंग ग्राउंड बनाने पर आमादा है। निस्संदेह, डोनाल्ड ट्रंप के हमले का सामना करने के लिये भारतीय कृषि बाजार को अधिक लचीला और लाभदायक बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। वहीं दूसरी ओर भारतीय किसानों पर बढ़ता भारी कर्ज भी एक चिंताजनक स्थिति है। खासकर देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले राज्य पंजाब और हरियाणा में। साथ ही केंद्र सरकार को किसानों की आय बढ़ाने वाले उपायों पर ध्यान देने की सख्त जरूरत है। सही मायनों में भारतीय कृषि में उन आमूल-चूल परिवर्तनों की आवश्यकता है जो न केवल किसान की आय बढ़ाएं बल्कि कृषि उत्पादों को विश्व बाजार की चुनौतियों से मुकाबला करने में भी सक्षम बनायें। एक सौ चालीस करोड़ आबादी वाला देश भारत दुनिया में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। इस आबादी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना भी देश की प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसे में हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम हर हालात में मेहनतकश अन्नदाता को पूरे दिल से समर्थन दें।

# ट्रंप की दादागिरी, रुपए का कमजोर होना और प्रधानमंत्री मोदी का स्वदेशी आह्वान

पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने भारत पर टैरिफ की धमकी दी हो। इससे पहले भी 2018 और 2019 में अमेरिका ने जीएसपी के तहत भारत को मिलने वाली छूट को समाप्त किया था। इन कदमों से भारतीय निर्यातकों को बड़ा नुकसान हुआ था। यह कोई छोटी बात नहीं, बलकि इकोनॉमी के हिसाब से भारत के लिए बहुत गंभीर मामला है। अब सवाल ये है कि क्या यह गिरावट अस्थायी है या रुपया सच में डॉलर के सामने घुटने टेक रहा है विदेशी मुद्रा बाजार से जुड़े विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यह गिरावट केवल बाजार की मनोदशा नहीं बल्कि वैश्विक परिस्थितियों का संकेत है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत ने अमेरिका को यह साफ संदेश दिया कि वह अपने हितों से कोई भी समझौता नहीं करेगा। भारत का यह कहना हुआ और लग रहा है; जैसे अमेरिका पूरी ताकत से भारत को कमजोर करने में जुट गया हो। इस सिलसिले में अमेरिकी राष?ट्रपति डोनाल?ड ट्रंप के एक के बाद एक सामने आए वक्तव्य देखे जा सकते हैं, उसका एक नकारात्मक परिणाम भी दिख रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया ऐतिहासिक निचले स्तर तक को पार कर चुका है। डॉलर इंडेक्स 98.68 के स्तर पर पहुंच चुका है और निवेशक अमेरिकी एसेट्स की ओर लौट रहे हैं। यह

पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने भारत पर टैरिफ की धमकी दी हो। इससे पहले भी 2018 और 2019 में अमेरिका ने जीएसपी के तहत भारत को मिलने वाली छूट को समाप्त किया था। इन कदमों से भारतीय निर्यातकों को बड़ा नुकसान हुआ था। यह कोई छोटी बात नहीं, बलकि इकोनॉमी के हिसाब से भारत के लिए बहुत गंभीर मामला है। अब सवाल ये है कि क्या यह गिरावट अस्थायी है या रुपया सच में डॉलर के सामने घुटने टेक रहा है विदेशी मुद्रा बाजार से जुड़े विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यह गिरावट केवल बाजार की मनोदशा नहीं बल्कि वैश्विक परिस्थितियों का संकेत है। यानी अमेरिका में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद वे लगातार ऐसे कदम उठा रहे हैं, जिससे कि विश्व में डॉलर का वर्चस्व बना रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ बढ़ाना भी इसी का हिस्सा है और भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने को मुद्दा बनाना भी। अब भारतीय शेयर बाजार पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है। ऐसे में बड़ा प्रश्न यह है कि इन परिस्थीतियों में हम क्या करें क्या रुपए को इसी तरह कमजोर होता देखते रहें! और एक समय के बाद हमारी मजबूत अर्थव्यवस्था जो दुनिया में तीसरे नंबर पर आने के लिए प्रयास कर रही है, उसे पीछे धकेलने के साक्षी बनें या फिर अपने देश को आर्थकि रूप से मजबूत करने के लिए कुछ प्रभावी कदम उठाएं

**भारत को आर्थिक मोर्चे पर मजबूत करने के लिए स्वदेशी है विकल्प**

अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी गए थे, उन्होंने वहां अपने भाषण के दौरान अनेक विषयों को प्रमुखता से रखा। उन्हीं में से एक विषय ह्लस्वदेशीह्व का भी उनके द्वारा विशेष तौर पर उठाया गया। क्या हम उनके कहे इस विषय को आज गंभीरता से समझकर उस पर अमल कर सकते हैं वस्तुतः यहां अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी लिए द्वारा सुझाए रास्ते पर चलना सबसे अधिक जरूरी नजर आ रहा है। उन्होंने स्व से ह्लस्वदेशीह्व की बात की है और देश के सभी जन से आह्वान किया है कि वे अपने जीवन में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं, ₹अब हम कुछ भी खरीदें तो एक ही तराजू होना चाहिए, हम उन चीजों को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा है और जो चीज भारत के लोगों द्वारा बनी है। भारत के लोगों के कौशल्य से बनी है, भारत के लोगों के पसीने से बनी है। हमारे लिए वह स्वदेशी है। हमें, ह्लवोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प ले कि हम मेक इन इंडिया प्रोडक्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो कुछ भी नया सामान आएगा, वो स्वदेशी ही होगा, ये जिम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी।ह्व प्रधानमंत्री मोदी हर दुकानदार से आग्रह करते हैं कि हम हमारे यहां से सिर्फ और सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे। उनके अनुसार ₹यह स्वदेशी माल बेचने का संकल्प, देश की सच्ची सेवा होगा।...हर बात में स्वदेशी का भाव आने वाले दिनों में हमारा भविष्य तय करने वाला है। देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी यूं ही स्वदेशी की बात नहीं कर रहे, वे जान गए हैं कि अमेरिका या अन्य किसी भी देश की दादागिरी से कैसे निपटा जा सकता है। आज डॉलर आधारित वैश्विक व्यापार में भारत के भी अधिकांश अंतरराष्ट्रीय सौदे भी डॉलर में ही होते हैं, जिससे डॉलर मजबूत होते ही आयात महंगे हो जाते हैं। जिसमें कि टैरिफ और व्यापार युद्ध आज अमेरिका की संरक्षणवादी नीति के चलते भारत जैसे विकासशील देशों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में अब ये जरूरी हो गया है कि हम स्थानीय मुद्रा में व्यापार बढ़ाने पर जोर दें, हालांकि रूस, ईरान, यूएई जैसे कुछ देशों से इस तरह का चलन करने में भारत को सफलता मिली है, लेकिन हमें रुकना नहीं है, डॉलर को छोड़, रुपये या अन्य वैकल्पिक मुद्राओं में व्यापार को सभी देशों के साथ बढ़ाने की दिशा में हमें अभी बहुत काम करने की जरूरत है। इसके साथ जरूरी हो गया है कि हम अपनी विदेशी निवेश पर निर्भरता कम से कम करें और घरेलू निवेशकों को प्रोत्साहन देते हुए एमएसएमई सेक्टर को सशक्त बनाने का प्रयास करें। कच्चे तेल के विकल्प जैसे सौर, बायो गैस, हाइड्रोजन में निवेश बढ़ाएं। डिजिटल करेंसी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चलन में लेकर आएं, इसके लिए रुपी आधारित सीबीडीसी के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दें। इसके साथ ही सरकार और आरबीआई को भी समझना होगा कि वे पुनः संरचना पर ध्यान दें। वस्तुतः भारत को आर्थकि स्तर पर एक ऐसा ढांचा तैयार करना होगा जो वैश्विक दबावों से भी न हिले, जो भारत को अपने दम पर खड़ा रखे। विश्व के 334 भारतीय अरबपतियों में से लगभग 14.8% यानी लगभग 42 भारतीय मूल के अरबपति विदेशों में रह रहे हैं। इनमें कुछ प्रमुख नाम लक्ष्मी मित्तल, अनिल अग्रवाल, जय चौधरी, विवेक रणादिव जैसे गिनाए जा सकते हैं। अभी भारतीय करोड़पतियों में से लगभग 2% प्रति वर्ष विदेश जा रहे हैं। ड्ड्ढ३‘ इंल्ल‘ की रिपोर्ट (मार्च 2025) बताती है कि एक से पांच तक (अत्यंत उच्च नेटवर्थ व्यक्ति) या तो विदेश गया हुआ है या जाने की योजना बना रहा है, जोकि करीब 20% तक के प्रवासन की दर दर्शाता है।

# मोबाइल खेल की हार, जीवन की हार क्यों बनी?

हार को जीवन की समाप्ति नहीं, सीख बनने देना होगा। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें, आँखों में सपने और जीवन में उमंग होनी चाहिए, उस उम्र में इंदौर के एक तेरह वर्षीय बालक ने आत्महत्या कर ली। कारण -एक मोबाइल खेल फ्री फायर में तीन हजार रुपये हार जाना। यह घटना केवल एक बालक की मृत्यु नहीं, बल्कि समाज की चुप्पी, माता-पिता की अनभिज्ञता और डिजिटल अंधकार की सच्चाई है।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

मोबाइल खेलों की बढ़ती लत बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रही है। इंदौर में एक तेरह वर्षीय बालक ने ह्लफ्री फायरह्व खेल में 3000 रुपये हारने के बाद आत्महत्या कर ली, जो बताता है कि आज की पीढ़ी में हार सहने की क्षमता घटती जा रही है। यह केवल एक खेल की हार नहीं, बल्कि संवादहीनता, अभिभावकों की अनदेखी और भावनात्मक असुरक्षा की परतें खोलती है। बच्चों को तकनीकी उपकरणों से पहले भावनात्मक समर्थन, शिक्षा तंत्र में मानसिक स्वास्थ्य और परिवार में संवाद की जरूरत है। हार को जीवन की समाप्ति नहीं, सीख बनने देना होगा। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें, आँखों में सपने और जीवन में उमंग होनी चाहिए, उस उम्र में इंदौर के एक तेरह वर्षीय बालक ने आत्महत्या कर ली। कारण -एक मोबाइल खेल फ्री फायर में तीन हजार रुपये हार जाना। यह घटना केवल एक बालक की मृत्यु नहीं, बल्कि समाज की चुप्पी, माता-पिता की अनभिज्ञता और डिजिटल अंधकार की सच्चाई है।

यह बालक सातवीं कक्षा का विद्यार्थी था। एक दिन पहले ही उसका जन्मदिन मनाया गया था। घर में मिठाई की खुशबू, गुब्बारों की चमक और मासूम हँसी की गूँज बाकी थी। लेकिन अगले ही दिन उसने अपने ही घर में फाँसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। क्यों? क्योंकि उसने एक मोबाइल खेल में तीन हजार रुपये गँवा दिए थे, जो उसने अपनी माँ के बैंक खाते से ऑनलाइन निकाल कर खर्च किए थे। इस घटना ने बहुत गहरे सवाल खड़े किए हैं- क्या मोबाइल खेल केवल मनोरंजन हैं या वे हमारे बच्चों की मानसिक शांति और आत्मसम्मान को निगलते जा रहे हैं? क्या हम बच्चों को तकनीकी ज्ञान तो दे रहे हैं, पर मानसिक सहारा, संवाद और संस्कार नहीं? बाल मन अत्यंत कोमल और संवेदनशील होता है। जब हम बच्चों को बिना दिशा-निर्देश और निगरानी के मोबाइल फोन थमा देते हैं, तो हम उन्हें एक ऐसी आभासी दुनिया में छोड़ देते हैं जहाँ हार का मतलब केवल हार नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की समाप्ति बन जाता है। फ्री फायर, पबजी, बीजीएमआई जैसे युद्धक खेलों में हर क्षण जीतने का दबाव, प्रतिस्पर्धा की भावना और नकली पहचान की दौड़ बच्चों के मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डालती है। इन खेलों में हर 'विजय' एक नकली आनंद देती है और हर 'पराजय' एक गहरे दुःख का कारण बनती है। बच्चों को यह अनुभव नहीं हो पाता कि यह केवल एक खेल है, असली जीवन नहीं। जब वे इन खेलों में हारते हैं, तो वे इसे अपने जीवन की हार मान लेते हैं। यही हुआ अक्लंक के साथ। माता-पिता की भूमिका इस पूरी घटना में सबसे महत्वपूर्ण है। माता-पिता बच्चों को मोबाइल देते समय यह समझने में असफल हो जाते हैं कि वह उपकरण केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि आज की पीढ़ी के लिए संपूर्ण संसार बन चुका है। बच्चा जब मोबाइल पर खेल में हारता है, और उस पर ?कार पड़ती है, तो वह डबल आघात सहता है – एक हार का और दूसरा उपेक्षा का। बालक की माँ ने जब उसे डांटा, तो वह उसके लिए सामान्य माँ की झिड़की नहीं थी, वह उसके लिए स्वयं के मूल्यहीन होने की मुहर थी। हम भूल जाते हैं कि बालक केवल हमारे शब्द नहीं, हमारे भाव भी ग्रहण करते हैं। माता-पिता यदि संवाद के स्थान पर केवल डाँट और आदेश देंगे, तो बच्चे डर और अपराधबोध में जीने लगते हैं।

आज हर घर में मोबाइल है, पर क्या हर घर में भावनात्मक संवाद है? क्या माता-पिता दिन में पाँच मिनट भी यह पूछते हैं कि बेटा, तुम कैसा महसूस कर रहे हो? क्या स्कूल में कोई शिक्षक बच्चों से यह पूछता है कि तुम्हें कोई बात मानसिक रूप से परेशान तो नहीं कर रही? हम परीक्षा में अंकों पर ध्यान देते हैं, पर बच्चे के मन में उठते तूफानों पर नहीं। मोबाइल खेलों के माध्यम से बच्चों में जो मानसिक विकृति उत्पन्न हो रही है, वह केवल मनोरंजन की बात नहीं रह गई है। यह अब मानसिक स्वास्थ्य का गंभीर संकट बन चुकी है। इन खेलों में लगातार खेलने से मस्तिष्क में डोपामिन नामक रसायन का उत्सर्जन होता है, जो आनंद की अनुभूति कराता है। लेकिन यह आनंद क्षणिक होता है, और उसकी लत लग जाती है। बच्चा फिर वास्तविक जीवन में संतोष नहीं पाता, और आभासी दुनिया में ही अपनी पहचान खोजने लगता है। इन खेलों में जब पैसे भी जुड़ जाते हैं, तो स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। एक बार मोबाइल में बैंक खाता या भुगतान माध्यम जुड़ जाए, तो बच्चा जाने-अनजाने में हजारों रुपये खर्च कर देता है। माता-पिता को इसकी जानकारी तब होती है जब नुकसान हो चुका होता है।

इसका समाधान केवल तकनीकी नियंत्रण नहीं है। समाधान है- संवाद, स्नेह, समझ और सतर्कता। माता-पिता को चाहिए कि मोबाइल में पालक नियंत्रण अनुप्रयोग, खेल समय सीमा, ऑनलाइन भुगतान रोकथाम, जैसे साधनों का प्रयोग करें। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि वे अपने बच्चों के जीवन में भागीदार बनें- उनसे बात करें, उनके साथ समय बिताएँ और उन्हें यह महसूस कराएँ कि वे केवल अंकों, उपलब्धियों या जीत से नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व से प्रिय हैं।

विद्यालयों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता होना अनिवार्य किया जाना चाहिए। पाठ्यक्रम में भावनात्मक शिक्षा, हार-जीत की समझ, आत्मसम्मान और आत्मरक्षा जैसे विषयों को स्थान दिया जाना चाहिए। बच्चों को यह सिखाना चाहिए कि हार कोई अभिशाप नहीं, बल्कि सीखने का अवसर है। सरकार को भी मोबाइल खेलों पर नियंत्रण के कठोर नियम बनाने चाहिए। बारह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए भुगतान वाले खेल प्रतिबंधित किए जाएँ, भुगतान प्रणाली में माता-पिता की स्वीकृति आवश्यक हो, और हर मोबाइल सेवा में बाल संरक्षण प्रणाली लागू की जाए।

यदि हम इन बातों पर समय रहते ध्यान नहीं देंगे, तो ऐसी घटनाएँ सामान्य होती जाएँगी। वर्ष २०२३ में भी कई राज्यों से ऐसी घटनाएँ सामने आई थीं, जहाँ बच्चों ने केवल खेल में हारने के कारण आत्महत्या कर ली थी। यह एक राष्ट्रीय चिंता का विषय है। आइए, हम यह संकल्प लें कि हमारे घरों में मोबाइल भले हो, पर उससे बड़ी चीज संवाद हो। हम बच्चों को केवल उपकरण न दें, उन्हें अपना समय, सहारा और साथ दें। हम उन्हें बताएं कि कोई भी खेल, कोई भी परीक्षा, कोई भी गलती- जीवन से बड़ी नहीं होती। एक बालक की आत्महत्या से यदि हम सबक नहीं लेंगे, तो हम आने वाले पीढ़ियों के साथ अन्याय करेंगे। इसीलिए, आइए, एक नई शुरूआत करें- जहां मोबाइल हो, पर उस पर माता-पिता की दृष्टि हो; जहां खेल हो, पर जीत-हार से परे प्रेम हो और जहां बच्चे हों, वहाँ केवल मौन नहीं, संवाद भी हो।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# उत्तराखंड के त्रियुगीनारायण में भगवान शिव और मां पार्वती ने किया था विवाह

हिंदू धर्म में सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। वहीं सावन महीने में भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं कई भक्त भगवान शिव के मंदिर में दर्शन के लिए जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी भगवान शिव और मां पार्वती की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं, तो आप भी भगवान शिव के मंदिर में दर्शन के लिए जा सकते हैं। बता दें कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में एक स्थान ऐसा है, जहां पर भगवान शिव ने वैराग्य जीवन छोड़कर गृहस्थ जीवन में कदम रखा था। इस विवाह में भगवान शिव के गणों समेत सभी देवी-देवताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया था।

**जानिए कहां हुआ था विवाह**

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के त्रियुगीनारायण गांव में शिव-पार्वती का विवाह हुआ था। जहां पर वर्तमान समय में त्रियुगीनारायण मंदिर स्थित है। त्रियुगीनारायण मंदिर गंगा और मंदाकिनी सोन नदी के संगम पर बना है। यह खूबसूरत गांव 1,900 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यह पूरा क्षेत्र पहाड़ों से घिरा है। सर्दियों में यहां पर बर्फ गिरने से इस जगह की खूबसूरती बहुत बढ़ जाती है।

**क्या हैं धार्मिक मान्यताएं**

इस मंदिर के आसपास का प्राकृतिक दृश्य मन मोह लेता है। लेकिन यहां से जुड़ी धार्मिक मान्यताएं व्यक्ति को यहां पर आने को मजबूर कर देती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक इस मंदिर में आज भी वह पवित्र अग्नि जल रही है। जिसको साक्षी मानकर भगवान शिव और मां पार्वती ने विवाह किया था। बताया जाता है कि यह अग्नि तीन युगों से जलने की वजह से इस मंदिर को त्रिजुगी नारायण मंदिर के नाम से जाना जाता है। वहीं यह भी माना जाता है कि जो भी जातक अखंड ज्योत की भभूत को अपने साथ ले जाता है। उसका वैवाहिक जीवन हमेशा खुशहाल बना रहता है। इस मंदिर की धार्मिक मान्यता इतनी अधिक है कि लोग आज भी यहां पर विवाह करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसा माना जाता है कि यहां पर विवाह करने वाले जोड़े को भगवान शिव और पार्वती का आशीर्वाद मिलता है।

**ब्रह्मा जी और विष्णु जी की अहम भूमिका**

बता दें कि शिव-शक्ति के इस मिलन में भगवान विष्णु ने मां पार्वती के भाई की सभी रस्में निभाई थीं। वहीं ब्रह्मा जी ने विवाह यज्ञ के आचार्य की भूमिका निभाई थी। इस मंदिर के ठीक सामने जो विवाह स्थल है, उसको ब्रह्म शिला के नाम से जाना जाता है। इस स्थान का महात्मय पुराणों में भी मिलता है। बताया जाता है कि विवाह संपन्न कराने से पहले सभी देवताओं ने यहां पर स्नान भी किया था। इसलिए यहां पर रुद्र, विष्णु और ब्रह्म नामक तीन कुंड भी बने हुए हैं।

## सेहत

### राखी पर बनाएं ये टेस्टी-टेस्टी हाई प्रोटीन लड्डू

राखी का मौका हो और मुंह मीठा ना किया जाए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। अमूमन राखी के मौके पर बहनें अपने भाइयों के लिए बाजार से मिठाई खरीदकर ले जाती हैं। यह मिठाइयां ना केवल महंगी होती हैं, बल्कि त्योहारों के दिनों में इनकी क्वालिटी को लेकर भी कुछ नहीं कहा जा सकता है। ऐसे में बाजार की मिठाई को अवॉयड करना ही अच्छा माना जाता है। यूं तो आप घर पर भी कई तरह की मिठाइयां बना सकती हैं, लेकिन अगर आप फिटनेस फ्रीक हैं या फिर भाई के स्वाद के साथ-साथ उसकी सेहत का भी ख्याल रखना चाहती हैं तो ऐसे में घर पर हाई प्रोटीन लड्डू बनाएं।

यह लड्डू ना केवल झटपट बन जाते हैं, बल्कि खाने में भी काफी टेस्टी होते हैं। चूंकि इनमें कई तरह के हेल्दी इंग्रीडिएंट्स को शामिल किया जाता है तो आप गिल्ट फ्री होकर इन्हें खा सकते हैं और पूरे परिवार के साथ मिलकर त्योहार का मजा उठा सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको राखी के अवसर के लिए घर पर ही हाई प्रोटीन लड्डू बनाने के आसान तरीके के बारे में बता रहे हैं-

**ओट्स और खजूर के लड्डू :** अगर आप झटपट लड्डू तैयार करना चाहती हैं तो ओट्स और खजूर के लड्डू बनाएं। इनका स्वाद भी लाजवाब होता है और यह महज 15 मिनट में बन जाते हैं।

आवश्यक सामग्री-
100 ग्राम ओट्स
100 ग्राम खजूर
1 बड़ा चम्मच देसी घी
30 ग्राम प्रोटीन पाउडर (ऑप्शनल)
एक बड़ा चम्मच कटे हुए बादाम या काजू

लड्डू कैसे बनाएं-
- सबसे पहले ओट्स को हल्का भूनकर पीस लें।
- अब खजूर को मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें।
- इसके बाद अब सभी चीजों को घी के साथ अच्छे से मिलाएं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
**www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# देशभक्ति से ओत-प्रोत होगा स्वतंत्रता दिवस समारोह: डीसी

एजेंसी

**देवघर:** जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुंग की संयुक्त अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस के समारोह की तैयारियों को लेकर सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश का अनुपालन करते हुए जिले में स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने को लेकर बैठक का अयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था व मुख्य कार्यक्रम स्थल पर की जाने वाली तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ हीं स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल संचालन हेतु



झंडोतोलन का समय, परेड में शामिल होने वाले विभिन्न टुकड़ियों के पूर्वाभ्यास, राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास एवं मुख्य समारोह स्थल पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अन्य कार्यक्रमों को संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने स्वतंत्रता दिवस की विभिन्न तैयारियों के अलावा सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न कार्यों के आयोजन करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया । साथ हीं उपायुक्त ने के0के0एन0 स्टेडियम में होने वाले मुख्य कार्यक्रम के अलावा विधि व्यवस्था संधारण को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। आगे बैठक के दौरान उपायुक्त ने शहर को पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के अलावा वीर शहीदों एवं महान स्वतंत्रा सेनानियों के प्रतिमा की साफ-सफाई को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ हीं उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह आयोजित होने वाली प्रभात फेरी एवं संध्या बेला में आयोजित होने वाली देशभक्ति पर आधारित होने वाले सांस्कृति कार्यक्रम को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजकीय जिले में विभिन्न विभागों व क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावे उपायुक्त ने बैठक के दौरान स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मुख्य समारोह स्थल के मैदान को सुसज्जित करने के अलावा मुख्य समारोह स्थल पर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, अग्निशमन एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। आगे उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी कार्यो को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला नजारत उपसमाहर्ता, गोपनीय पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, ट्रैफिक डीएसपी, हेडक्वाटर डीएसपी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, अग्निशमन पदाधिकारी, डीएमएफटी की टीम, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी, एलडीएम, सार्जेण्ट मेजर, एवं संबंधित विभाग के अधिकारी, सदस्य व कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

## बालिकाओं को सशक्तिकरण, आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों की दी गई जानकारी

एजेंसी

**साहिबगंज :** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरहरवा एवं पतना में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव के निदेशानुसार बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी के नेतृत्व में मंथन संस्था, मुख्यमंत्री सारथी योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देखरेख के सहयोग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देना था। बच्चियों को आत्मनिर्भर बनने, आत्मरक्षा के कौशल सीखने, तथा कठिन परिस्थितियों में साहसपूर्वक खड़े होने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान बाल विवाह, बाल श्रम और शोषण जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाते हुए यह संदेश दिया गया कि इन बुराइयों को मिटाने के लिए केवल सरकारी प्रयास ही नहीं बल्कि समाज की सक्रिय



भागीदारी भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री सारथी योजना की सेंटर ट्रेनर सुनैना कुमारी ने बताया कि इस योजना के तहत बालिकाओं को तीन महीने तक कौशल विकास के तहत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। इस योजना के अंतर्गत स्विंग मशीन ऑपरेटर, जनरल ड्यूटी सहायक, ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइन, कंप्यूटर ट्रेनिंग आदि कोर्स उपलब्ध हैं। बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बच्चियों को गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट, नशा मुक्ति, किशोर न्याय अधिनियम , स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, आफ्टर केयर, दत्तक ग्रहण प्रक्रिया एवं मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं, जिससे बालिकाएं स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन जी सकें। कार्यक्रम में एंटी साइबर क्राइम से जुड़ी जानकारी देते हुए बच्चियों को बताया गया कि यदि उनके साथ ऐसी कोई घटना घटती है, तो वे टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कर सकती हैं। इस अवसर पर मोहम्मद इकबाल, चंदा कुमारी, आराधना मंडल, गौतम कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## दहेज प्रताड़ना व मारपीट मामले में पांच पर केस दर्ज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना व मारपीट मामले में गुरुवार को पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। यह मामला थाना क्षेत्र के दक्षिण पलाशगाछी पंचायत अंतर्गत मोहब्बत टोला गांव की है। मामले को लेकर एक विवाहित महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, पीड़िता की शादी करीब सात साल पहले अमानत पंचायत के नजर गुनी टोला निवासी सहजुल आलम से हुई थी। उनकी एक पांच वर्षीय बेटी भी है। आरोप है कि बेटी के जन्म के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य उससे नाखुश रहने लगे और बातों बातों पर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने बताया कि यह उत्पीड़न लगातार बढ़ता गया, जिसके चलते उसने थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना कांड संख्या 306/25 दर्ज कर, भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिलहाल राधानगर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सिविल सर्जन ने किया सीएचएस एनडी सत्र का औचक निरीक्षण



संवाददाता

**साहिबगंज:** सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामदेव पासवान द्वारा आज उधवा प्रखंड के पहाड़ गाँव उत्तर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीकाकर्मी रूना लैला अपनी ड्यूटी पर उपस्थित पाई गईं तथा टीकाकरण कार्य नियमित रूप से संचालित हो रहा था। निरीक्षण उपरांत डॉ. पासवान ने जिले के सभी सत्र स्थलों पर कार्यरत टीकाकर्मियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्रत्येक टीकाकरण केंद्र को टीकाकरण दिवस के दिन प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक अनिवार्य रूप से खुला रखा जाए, ताकि सभी लाभार्थियों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकें। सिविल सर्जन ने यह भी कहा कि सीएच एस एनडी सत्रों के माध्यम से लाभुकों को नियमित टीकाकरण, एएनसी जांच, पोषण परामर्श, शिशु वजन निगरानी एवं अन्य जनस्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। अतः इन सत्रों में किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि वे समुदाय के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए सत्रों को प्रभावी रूप से संचालित करें, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

## झामुमो ने शोकसभा कर गुरूजी को दी श्रद्धांजलि



संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक,पूर्व मुख्यमंत्री सह वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरू शिबू सोरेन के निधन पर बाँझी संथाली पंचायत कमिटी ने शोकसभा की।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गुरुजी तैलीय चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर व दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शोकसभा में गुरूजी के बताए आदर्शों व उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।पंचायत कमिटी के अध्यक्ष पौलूस हॉसदा ने गुरूजी के निधन को संपूर्ण झारखंड के जनमानस की क्षति बताई।मौके पर जिला कार्यकारिणी सदस्य स्टीफन मुर्मू, प्रबोध होसदा, करन मराण्डी, मुंशी हॉसदा, खीस्ट सोरेन, दनिएल होसदा, लेभा मराण्डी, नारायण मुर्मू, बाबूलाल हॉसदा सहित दर्जनों लोग शरीक हुए।

## दिशोम गुरू शिबू सोरेन के निधन पर शोक सभा

संवाददाता

साहिबगंज/उधवाः झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक, झारखंड राज्य के निमार्ता, पूर्व मुख्यमंत्री सह दिशोम गुरू शिबू सोरेन के निधन पर प्रखंड क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित साबिर इलेक्ट्रॉनिक्स के बगल में प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली उर्फ बाबू के नेतृत्व में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा की शुरूआत पुष्पांजलि अर्पित एवं 2 मिनट के मौन के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली उर्फ बाबू ने कहा दिशोम गुरुजी हमारे मार्गदर्शक



थे, उनके दिखाए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वही केंद्रीय समिति सदस्य इखलाकुर रहमान ने कहा कि शिबू सोरेन जी सिर्फ एक नेता नहीं, आंदोलन के प्रतीक थे, उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकेगी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति सदस्य इखलाकुर रहमान, जिला सचिव तमरुद्दिन शेख, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनवारूल हक, वरिष्ठ नेता अली हसन कमीशन, सकल हेंब्रम, आब्दीन शेख, काजू मालिक, कीनू सोरेन, अब्दुल शेख, रानी हांसदा, बारनवास सोरेन, जैनुल आब्दीन, गोपाल ठाकुर, शाहबाज आलम, बदल शेख, राजेश कुमार, भैया किस्कू, दिलीप, सरफराज, चंद्राई सोरेन, रुहूल अमीन, जियाउल हक, साबिर अली, जहांगीर शेख, अख्तर आलम, आलम शेख, अनंत सरकार, गुलाब शेख, नईम शेख, चाहु शेख, अशरफ शेख, रफीक शेख समेत सभी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### जिरवाबाडी थाना के सहयोग से चला वाहन जांच अभियान

**साहिबगंज:** जिरवाबाडी थाना के सामने परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में जिरवाबाडी थाना के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान छोटी बड़ी सभी प्रकार की की जरूरी कागजातों की जांच पड़ताल की गई। जिसमें कुल लगभग 50 वाहनों की जांच किया गया। इसी दौरान बिना कागजात के वाहन चला रहे वाहन चालकों से लगभग 30हजार जुर्माना वसूला गया। बताया गया की वाहन जांच अभियान के दौरान बाइक ई रिक्शा सहित अन्य वाहनों की जांच की गई है। कई वाहन बिना कागज के पकड़े गए हैं जिसे जुर्माना भी वसूला गया है या वाहन जांच अभियान लगातार चलते रहेगा।

### सिविल सर्जन ने निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण,गुणवत्ता में कमी पर जताई नाराजगी



**साहिबगंज/उधवा :** उधवा प्रखंड के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए बन रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्रखंड लोक स्वास्थ्य इकाई के निर्माण कार्य का गुरुवार को सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राम देव पासवान ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की छत की सीलिंग, बिजली की वायरिंग और कनेक्शन, ऑक्सीजन सप्लाई लाइन, अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था, गंदे पानी की शोधन प्रणाली, गैस आपूर्ति, शल्य कक्ष की तैयारी, चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों के लिए आवास, और संपूर्ण ढांचे की मजबूती जैसे बिंदुओं की बारीकी से जांच की। डॉ. पासवान ने पाया कि कुछ स्थानों पर निर्माण की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। इस पर उन्होंने निर्माण एजेंसी को योजना के अनुसार काम करने और तय मानकों का पालन करने का कड़ा निर्देश दिया। साथ ही, कनीय अभियंता को तकनीकी प्रतिवेदन तैयार कर शीघ्र जमा करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ सभी कार्य पूरे करने होंगे, ताकि केंद्र शुरू होते ही मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।डॉ. पासवान ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र और इकाई का निर्माण क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद अहम है, इसलिए हर विभाग को अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभानी होगी।

### लायंस क्लब की महिला सदस्यों ने जवानों को बांधी राखी



**दुमका:** लायंस क्लब( सं प )दुमका ने गुरुवार को नेशनल स्कूल के पीछे के प्रांगण में एनसीसी में कार्यरत 18 जवानों को क्लब की महिला सदस्यों ने कलाई में राखी बांधी और मिठाइयां खिलाई. कार्यक्रम का संचालन लायन अमिता रक्षित ने किया. मौके पर क्लब के लायन प्रदीप्त मुखर्जी, लायन शालिनी अग्रवाल, लायन रंजीता देवी, लायन डॉ. श्वेता स्वराज लायन पूजा पटवारी, लायन संदीप पटवारी, लायन सुनील साहा, लायन राज किशोर सिंह समेत जवान सूबेदार मुकेश कुमार सहित अन्य जवान मौजूद थे।

### शेख सरफुद्दीन को जिरवाबाडी पुलिस ने किया गिरफ्तार

साहिबगंजः जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के श्रीराम चौकी मुस्लिम टोला निवासी शेख सरफुद्दीन को जिरवाबाडी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी थाना प्रभारी मो. शाहरुख ने बताया कि मो. सरफुद्दीन के विरुद्ध थाना में मारपीट का मामला दर्ज था और यह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए गिरफ्तार किया पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया।


# श्रावणी मेला के दौरान कुल 52,95,766 श्रद्धालुओं ने किया बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण: उपायुक्त

संवाददाता

**देवघर:** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुंग की सयुंक्त अध्यक्षता में आर एल सर्राफ स्थित अस्थाई मीडिया सेंटर में राजकीय श्रावणी मेला, 2025 से संबंधित चौथी साप्ताहिक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान मौके पर सभी को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सभी मीडिया संस्थानों का सहयोग हेतु आभार प्रकट किया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में कुल 564 मजिस्ट्रेट व पदाधिकारियों के अलावा 9650 पुलिस बल की संख्या में प्रतिनियुक्त किये गये हैं। साथ ही 04 सीआरपीएफ की कम्पनी, 02 पुलिस अधीक्षक, सदस्यीय एनडीआरएफ की टीम मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त हैं। आगे मेला में 101 स्थानों पर आवासन की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। साथ ही मेला में कार्यरत कुल चिकित्सकों की संख्या 81 एवं पारा मेडिकल स्टाफ की संख्या 449 है। वहीं सामान्य एम्बूलेंस 24, 108 एम्बुलेंसों की संख्या 26 एवं जीप की संख्या 05 है। 61613 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी गयी एवं 198552 मरीजों का चिक्तिसकीय ईलाज किया गया। इसके अलावे प्रेस वार्ता के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि श्रावणी मेला, 2025 में दिनांक-11.07.2025 से अब तक कुल 52,95,766 कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण किया है। साथ हीं शीघ्र दर्शन कूपन के माध्यम से 168870 श्रद्धालु शामिल हैं। आगे उन्होंने बाबा मंदिर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि दिनांक-11.07.2025 से दिनांक-05.08.2025 तक बाबा मंदिर की कुल आय 7,36,44,295.00 रुपए रहे,



जिसमें मंदिर के अन्य स्त्रोतों से आय भी शामिल है। साथ हीं मंदिर दान काउंटर से 00 ग्राम सोने का सिक्का 00, चाँदी का सिक्का 10 ग्राम का 816, चाँदी 05 ग्राम का सिक्का 00 अदद बिक्री की गई एवं शीघ्रदर्शनम कूपन से प्राप्त आय 60 प्रतिशत 5,89,10,400.00 रुपए हैं एवं विदेश से प्राप्त होने वाले मुद्रा सोना 23 ग्राम, चाँदी 878 ग्राम, चांदी का सिक्का 01 पीस एवं 17,235.00 रुपए नेपाली पैसा शामिल हैं। वहीं सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी हेतु 765 सीसीटी कैमरा, 200 ए0आई0 कैमरा, व 10 ड्रॉन कैमरा कार्यरत हैं। वहीं इस श्रावणी मेला में ऑनलाईन चैट बोर्ड क्यू आर कोड से 782 प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं के आवासन हेतु 02 टेन्ट सीटी बनाये गये हैं, जिनमे कोठिया टेंट सीटी 1500 बेड की क्षमता व बाघमारा टेंट सीटी में 350 बेड की क्षमता के अलावा आध्यात्मिक भवन में 10,000 श्रद्धालुओं के आवासन की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। आगे प्रेसवार्ता के दौरान उपायुक्त श्री नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा मेला क्षेत्र में कांवरियों को स्वास्थ्य सुविधाओं के संदर्भ में बात करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मेला क्षेत्र में कुल 34 अस्थाई स्वास्थ्य केन्द्र लगाये गये हैं एवं इन स्वास्थ्य केन्द्रों में दिनांक-11.07.2025 से दिनांक-05.08.2025 तक कुल 1,98,552 श्रद्धालुओं का ईलाज किया गया है, जिनमें से 1,31,819 पुरूष, 57,319 महिलाएँ एवं 9399 बच्चे शामिल हैं। साथ हीं परिवहन विभाग द्वारा निबंधित व्यवसायिक वाहनों से राज्य प्रवेश शुल्क के रूप में 2,03,77,775.00 रुपये एवं वाणिज्य कर वसूली दिनांक 01.07.2025 से 05.08.2025 तक 953.75 लाख रुपए की प्राप्ति हुई है। इसके अलावे सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा मेला क्षेत्र में 31 सूचना केन्द्र बनायें गऐ हैं, जहां 86,286 खोये-पाये कांवरियों को निबंधित किया गया है, जिनमें से 66066 कांवरियों को उनके परिजनों से मिलाया गया है। साथ हीं सूचना केन्द्रों में कुल 192, 3 बाईक उद्घोषक, 02 टोटो की प्रतिनियुक्ति के अलावा 06 सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच बनाया गया है। वहीं सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में शिवधुन का संचालन एवं चल कांवरियां शिव के धाम थीम पर शिवलोक परिसर में भव्य प्रर्दशन का आयोजन किया गया है, जहां रोजाना 15-17 हजार लोगों का आगमन हो रहा है। वहीं राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के दौरान शिवगंगा व जलसार में 02 वाटर प्रोजेक्सन एण्ड लेजर शो, बाबा मंदिर व टॉवर हेतु 02 थ्री डी मैपिंग शो, 13 स्थलों पर वी0आर0 के माध्यम से बाबाधाम की पौराणिक कथा से संबंधित जानकारी देती है एवं 27 चिन्हित स्थलों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सम्पूर्ण विडियो प्रस्तुत की जाती है। आगे उन्होंने जानकारी दी गयी कि विद्युत विभाग द्वारा अस्थायी विद्युत से कुल 58,35,900.00 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ हैं एवं 1788 शिकायतों के अलावे 39 स्थलों पर विद्युत नियंत्रण कक्ष, 10 विद्युत शक्ति उपकेन्द्र व 02 आपाताकालीन दल प्रतिनियुक्त किये गये हैं।



# आज की पीढ़ी को रिश्ते में एडजस्ट करना नहीं सिखाया गया

छोटे पर्दे पर ऐक्टर गौरव चोपड़ा ने एक लंबा वक्त बिताया है। टीवी शो उतरन में काम करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वहीं फिल्मों में भी उनके काम को सराहा गया। पिछले कुछ सालों से वह छोटे पर्दे से दूर थे, लेकिन अब उन्होंने पुष्पा इंपॉसिबल से वापसी की है।

**आप पिछले कई साल से छोटे पर्दे से दूर हैं। इतने वक्त तक टीवी इंडस्ट्री से दूर रहने के पीछे क्या वजह रही? क्या आप किसी बदलाव के बारे में सोच रहे थे?**

सबसे पहली बात जो बतानी जरूरी है कि अगर किसी एक मीडियम में, किसी प्लेटफार्म में, किसी ऐक्टर को दर्शकों ने अपने दिल में थोड़ी सी भी जगह दी है और आप उस प्लेटफॉर्म को छोटा समझें तो ये तो नाशुक्री की बात होगी। मेरे साथ ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। मैं वो ऐक्टर कहलाना चाहता हूं, जो मीडियम को महत्व नहीं देता। मैं अपने दर्शकों और खुद के रिश्ते को महत्व देना चाहता हूं। लोगों को इतना भरोसा होना चाहिए कि अगर ये ऐक्टर किसी शो में आ रहा है, तो अच्छा ही होगा। रहीं 4-5 साल के बाद वापसी की तो उसकी वजह एक तो कोविड था। उस समय में संजीवनी के नाम से 2020 में आखिरी शो कर रहा था। उसके बाद मेरी दुनिया ने ही एक ब्रेक ले लिया था।

**क्योंकि अपने कोविड की शुरूआत में ही ब्रेक ले लिया था, तब से अब तक दर्शक की सोच टीवी शोज और फिल्मों को लेकर काफी बदली है। वापसी के बाद आप इस बदलाव को किस तरह देख रहे हैं?**

ये बदलाव का वक्त है तो अगर देखने के माध्यम बदले हैं तो लोगों का टेस्ट भी बदलता है। जैसे इंटरनेशनल कॉन्टेंट देखने से भी लोगों की पसंद पर फर्क पड़ा है। मुझे लगता है कि ये जो बदलाव एक दौर है, एक वक्त के बाद जब बदलाव पूरा होने को होगा, तो दर्शक अपनी-अपनी पसंद के हिसाब से सेटल हो जाएंगे, जिसको जो मीडियम पसंद होगा वो उसमें कॉन्टेंट देखेगा। जो दर्शक जैसा शो देखना चाहते हैं उनके लिए वैसा ही कॉन्टेंट बनाया जाएगा।

**आपने अपने करियर में काफी काम किया है और आज एक बात कही जाती है कि काम के दबाव का असर लोगों के रिलेशनशिप पर भी पड़ रहा है, जिस वजह से रिश्ते बिखर रहे हैं। आपने भी रिलेशनशिप में ऐसा उतार-चढ़ाव देखा है? इस बारे में आप क्या सोचते हैं?**

जी काम का दबाव रिश्ते पर जरूर पड़ता है। महिलाओं और मर्दों पर अलग-अलग पड़ता है। मर्दों से काम करने की समाज की अपेक्षा एक अलग ही दबाव है जबकि महिलाओं के लिए वो सपने को पूरा करने जैसा है। मैं तो खुद को बड़ा खुशकिस्मत मानता हूं कि मैं इतने संपन्न परिवार से था कि मैं कह सका मुझे ऐक्टर बनना है, वरना एक आम लड़के को 15-16 साल की उम्र में ही इस बात का अहसास करा दिया जाता है कि जल्दी घर की जिम्मेदारी उठाने लायक बनो। जो 1950 में देखा जाता था कि शादी के लिए एक लड़के में क्या गुण होने चाहिए, वो ही आज भी देखा जाता है। महिलाओं की स्थिति काफी बदल गई है। आज ये कोई उम्मीद नहीं करता कि आप घर आएंगी तो घर का काम ही करेंगी या बच्चे पालेंगी। वो काम करना चाहें, तो करती हैं। जब एक सोशल बदलाव आता है तो उसमें एक अडजस्टमेंट की जरूरत होती है। सच्चाई ये है कि उस अडजस्टमेंट के बारे में बच्चों को जागरुक नहीं किया जा रहा, उन्हें उसके बारे में पढ़ाया नहीं जा रहा। जो आपने माता-पिता के जीवन में देखा है, अब वैसा नहीं होगा। अब जिम्मेदारी कैसे बांटनी है, बच्चे को कैसे पालना है, ये हमें सोचना होगा। इसके लिए आज की पीढ़ी को तैयार नहीं किया गया है, इस वजह से मतभेद बढ़ रहे हैं और समाज का दबाव उस रिश्ते पर असर कर रहा है।

## दिल्ली से मुंबई तक का सफर कैसा रहा?

जहां आपकी पैदाइश होती है, जहां आपने बचपन बिताया होता है, उस जगह से थोड़ा ज्यादा लगाव होता ही है। मैंने दिल्ली में सेंट कोलम्बस स्कूल से पूरी पढ़ाई की, जिसे आज के दौर में लोग शाहरुख खान के स्कूल के नाम से जानते हैं। वहां से और भी स्टार्स निकले हैं। हमारे स्कूल में इस बात पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाता था कि लड़कियों के प्रति आपका व्यवहार कितना जेंटलमैन वाला है। आपकी पर्सनैलिटी कैसी है, इस पर भी जोर दिया जाता था। स्कूल के बाद मैंने फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई की। कोर्स के बाद से ही मुझे ऐक्टिंग का शोक लगा था। फिर दिल्ली से मुंबई आ गया। मेरे लिए सबसे अच्छी बात ये रही है कि मुझे कभी स्ट्रगल नहीं करना पड़ा, मुझे आते ही काम मिल गया था।



# अपने रिश्ते पर अविका गौर ने खुल कर की बात, बोलीं मैं मिलिंद को काफी डांटती हूं

अविका गौर और मिलिंद चंदवानी टीवी शो पति पत्नी और पंगा में साथ नजर आएंगे, जो इस समय दर्शकों के बीच खासा चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मौके पर कपल ने शो में भाग लेने के अपने अनुभव, रिश्ते के उतार-चढ़ाव, और अपनी जिंदगी के कई पहलुओं के बारे में खुलकर बात की। साथ ही उस किस्से को भी बताया, जब मिलिंद ने उन्हें फ्रेंड-जोन कर दिया था। अविका गौर ने बताया कि इस रियलिटी शो के लिए हां कहने का फैसला उन्होंने अकेले नहीं लिया, बल्कि मिलिंद ने उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, दिलचस्प बात यह है कि मैंने खुद यह फैसला नहीं लिया था, मिलिंद भी इस फैसले में शामिल थे। उन्होंने मुझे इसके लिए प्रोत्साहित किया। मैं इसे जबरदस्ती नहीं कहूंगी, लेकिन उनका स्पष्ट मानना था कि मुझे एक रियलिटी शो करना चाहिए ताकि जो लोग मुझे प्यार करते हैं और सराहते हैं, वे मुझे असली रूप में देख सकें। मुझे लगता है कि उनका विचार सही था। अविका ने कहा, पहले मैं अपनी छवि को लेकर काफी सजग रहती थी और हर चीज को परफेक्ट और डिप्लोमैटिक रखना चाहती थी, लेकिन मिलिंद ने मेरी इस सोच को तोड़ने में मदद की। अगर शो में मेरी कोई कमी नजर आएगी, तो मैं उसे सुधारने की कोशिश करूंगी। अविका ने कहा, मैं मिलिंद को काफी डांटती हूं, लेकिन बाद में जब मुझे लगता है कि मैं ज्यादा सख्त हो गई हूं तो माफी भी मांग लेती हूं। अपने रिश्ते की शुरुआत के बारे में बात करते हुए अविका ने कहा, हमारा रिश्ता दोस्ती से शुरू हुआ था। शुरुआत में मुझे फ्रेंड-जोन में रखा गया, लेकिन छह महीने बाद मिलिंद को अपनी भावनाओं का एहसास हुआ। अब छह साल हो चुके हैं और हमारी सगाई हो चुकी है। हमने इस पूरे सफर को बेहद खूबसूरती से जिया है। बता दें कि पति-पत्नी और पंगा कलर्स चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 9.30 बजे प्रसारित होगा।



# फरहान अख्तर ने अपनी 120 बहादुर की सह-कलाकार राशि खन्ना की जमकर तारीफ की

‘120 बहादुर’ का टीज़र लॉन्च केवल एक प्रमोशनल इवेंट नहीं था, बल्कि यह आपसी सम्मान, कलात्मक तालमेल और साझा उद्देश्य का एक सशक्त उत्सव बन गया। इस कार्यक्रम में पैन-इंडिया स्टार राशी खन्ना और फरहान अख्तर ने दर्शकों को अपने ऑफ-स्क्रीन रिश्ते की एक झलक दिखाई, जो आपसी सम्मान और सच्ची केमिस्ट्री पर आधारित था। टीज़र में जहाँ रेजांग-ला के युद्ध की एक गंभीर और भावनात्मक कहानी दिखाई गई, वहीं मंच पर एनर्जी ताज़गी भरी, फिर भी बेहद सम्मानजनक रही। फिल्म में राशि के किरदार पर बात करते हुए फरहान अख्तर ने उनकी तारीफ़ करने से खुद को रोक नहीं पाए- राशि, आपके साथ काम करना एक बेहद शानदार अनुभव रहा। वह कहती हैं कि यह कहानी खुद उनके पास आई, लेकिन मुझे लगता है कि शायद इसका उल्टा हुआ है। मेरा मानना है कि रास्ते खुद उन लोगों को ढूंढते हैं जो उन्हें निभाने के लिए सबसे उपयुक्त होते हैं। और इस भूमिका के लिए राशि को लेना – इससे बेहतर निर्णय हम कर ही नहीं सकते थे। वह फिल्म में बेहद शानदार हैं। आपने जो अभी देखा है, वह तो सिर्फ़ एक टीज़र है – असली जादू अभी बाकी है। यह एक सच्चे सम्मान का पल था, जिसने राशि को भी भावुक कर दिया। उन्होंने उतनी ही गर्मजोशी और सच्चाई से जवाब दिया- जब हम इस फिल्म के लिए एक साथ आए, तो सबसे पहले मुझे फरहान सर का धन्यवाद करना है क्योंकि उन्होंने ही बातचीत की शुरुआत की। मैं थोड़ी शर्मीली हूं, लेकिन सर बहुत ही विनम्र और सहज थे।एक व्यक्ति के रूप में उनकी ख़ासियत पर विचार करते हुए, उन्होंने आगे कहा- मेरे माता-पिता ने हमेशा सिखाया है कि किसी इंसान को समझना हो, तो यह देखो कि वह अपने आसपास के लोगों से कैसा व्यवहार करता है। और फरहान सर हर किसी को बराबरी का सम्मान देते हैं – चाहे वह कोई भी हो। यह एक ऐसी खूबी है जो मैंने बहुत कम लोगों में देखी है। इसलिए मैं उन्हें एक इंसान के तौर पर और भी ज़्यादा पसंद करती हूं। बेशक, मैं उन्हें एक अभिनेता और निर्देशक के रूप में सराहती हूं, लेकिन मुझे लगता है कि मैं उन्हें एक इंसान के रूप में भी बहुत पसंद करती हूँ। वह बहुत ही प्रेरणादायक और बहुत ही अनुशासित हैं। और अब तो सब जानते हैं कि जब मैं कुछ कहती हूं, तो दिल से कहती हूं। और मैं दिल से कह रही हूं – यह अनुभव वाकई अद्भुत रहा है। और मैं सच में उम्मीद करती हूं कि आगे भी मुझे उनके साथ काम करने के ऐसे और मौके मिलें। मीडिया ने भी उनकी सहज दोस्ती और मंच पर साझा किए गए हल्के-फुल्के पलों को तुरंत भांप लिया। फरहान और राशि की हाज़िरजवाबी और सेंस ऑफ ह्यूमर ने पूरे इवेंट को जीवंत बनाए रखा। ‘120 बहादुर’ जैसी फिल्म, जो गहरे भावनात्मक स्तर और जटिल पात्रों पर आधारित है, उसमें ऑफ-स्क्रीन तालमेल ऑन-स्क्रीन प्रभाव को और भी गहरा बना देता है।





# इस वजह से रुबीना ने स्वीकारा पति पत्नी और पंगा का ऑफर

लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री रुबीना दिलैक और उनके पति अभिनव शुक्ला पॉपुलर शो पति-पत्नी और पंगा में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने मां बनने के बाद शो का ऑफर क्यों स्वीकार किया।

अभिनेत्री ने बताया, इस शो की कहानी उनकी जिंदगी के नए दौर से मेल खाती है। साथ ही इस शो के जरिए उन्हें अपने पति अभिनव के साथ स्क्रीन पर नया अनुभव करने का मौका मिला। मां बनने के बाद मैं अपने पति के साथ ज्यादा समय बिताना चाहती थी। कुछ मस्ती भी करनी थी, इसलिए मैंने यह शो किया।

**जब अभिनेत्री से पूछा गया, क्या रियलिटी शो स्क्रिप्टेड होते हैं?**

छोटी बहू फेम अभिनेत्री ने बताया, रियलिटी शो स्क्रिप्टेड नहीं होते, लेकिन उन्हें थोड़ा निर्देशित किया जाता है। अगर कोई चीज अच्छी चल रही हो, तो शो के निर्माता उसे और हाइलाइट करते हैं। यह स्क्रिप्टेड नहीं, बल्कि गाइडेड होता है। वहीं, अभिनेता अभिनव शुक्ला ने रियलिटी शो में स्क्रीन टाइम और रिश्तों की लंबी उम्र के बारे में भी बात की। उनके मुताबिक, रिश्ते में जितना ज्यादा स्क्रीन टाइम होता है, रिश्ता उतना ही कम समय तक चल सकता है। रुबीना ने उनकी बात का समर्थन करते हुए कहा, अभिनव सही कह रहे हैं। जितना ज्यादा हम एक-दूसरे की बातों और सोच को स्वीकार करेंगे, रिश्ता उतना ही बेहतर होगा। एक अच्छा रिश्ता तब बनता है, जब हम एक-दूसरे को वैसे ही अपनाएं, जैसे हम हैं। जब हम ये समझते हैं कि हम अलग हैं और फिर भी एक-दूसरे की इज्जत करते हैं, तो रिश्ते में प्यार और समझ बढ़ती है।

अभिनव शुक्ला ने बताया कि जब किसी बात पर बहस या मतभेद होता है, तो वह उसे संभालने का एक शांत तरीका अपनाते हैं। अभिनव ने कहा, जब हम दोनों के बीच झगड़ा होने लगता है, तो मैं थोड़ा पीछे हट जाता हूं, या फिर रुबीना को स्पेस देता हूं, थोड़ी देर बाद शांत होकर दोबारा उस बात पर चर्चा करता हूं, ताकि समस्या आसानी से सुलझ जाए। कुछ परेशानियां, कुछ घंटों में सुलझ जाती हैं, तो कुछ में ज्यादा समय लग जाते हैं। अभिनव ने मजाकिया अंदाज में कहा, हमारे रिश्ते में तो मैं बस यही कहता हूं, जो तुम कहो। और, अब ये लाइन काफी फेमस हो गई है।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कोच टिम नीलसन संभालेंगे ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम की कमान

एजेंसी

**मेलबर्न :** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई मुख्य कोच टिम नीलसन को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है। वे भारत अंडर-19 टीम के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज से अपनी नई भूमिका की शुरूआत करेंगे। इस सीरीज को आगामी अंडर-19 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ सीरीज के लिए 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम की घोषणा की है। यह सीरीज सितंबर से ब्रिसबेन और मैकाय में खेली जाएगी जिसमें तीन 50-ओवर के मुकाबले और दो चार दिवसीय युवा टेस्ट मैच शामिल होंगे। वनडे मुकाबलेः 21, 24 और 26 सितंबर को ब्रिसबेन के इयान हीली ओवल में खेले जाएंगे, जबकि पहला युवा टेस्ट 30 सितंबर से ब्रिसबेन में, दूसरा युवा टेस्ट 7 अक्टूबर से मैकाय में खेला जाएगा।

**ऑलराउंडर ओलिवर पीक नहीं होंगे टीम का हिस्सा**

टीम में ओलिवर पीक को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वे उसी समय ऑस्ट्रेलिया ए टीम के साथ भारत दौरे पर रहेंगे। पीक ने पिछले वर्ष भारत में हुए युवा टेस्ट में शतक जमाया था और हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए श्रीलंका ए के खिलाफ 92 रन बनाकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा है। हालांकि वे अगले साल होने वाले अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए अब भी पात्र हैं, लेकिन उनका व्यस्त घरेलू सीजन और बीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स से अनुबंध उनके चयन को अनिश्चित बनाता है। टिम नीलसन का कोचिंग में पुनरागमन




57 वर्षीय टिम नीलसन 2007 से 2011 तक ऑस्ट्रेलिया सीनियर टीम के कोच रह चुके हैं और इससे पहले वे जॉन बुकानन के सहायक कोच भी रहे हैं। उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में भी कोचिंग की है। हाल ही में 2024 में वे पाकिस्तान की टेस्ट टीम के हाई परफॉर्मेंस कोच बने थे। नीलसन अब एक बार फिर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के डेवलपमेंट रोल में लौटे हैं, जहां वे लॉकलन स्टीवंस के इस्तीफे के बाद इस भूमिका को संभालेंगे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की हेड ऑफ नेशनल डेवलपमेंट सोन्या थॉम्पसन ने कहा, ₹हम इस बहु-प्रारूप दौरे के माध्यम से खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव देने और उनकी स्किल को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। यह सीरीज आगामी अंडर -19 वर्ल्ड कप के लिए हमारी तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।₹

उन्होंने आगे कहा, टिम नीलसन के अनुभव से हमारी युवा टीम को बहुत लाभ मिलेगा और उनकी लीडरशिप हमारे अगले जेनरेशन के खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देगी।₹

**ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम (भारत के खिलाफ सीरीज के लिए):**

साइमन बज, एलेक्स टर्नर, स्टीव होगन, विल मलाजचुक, यश देशमुख, टॉम होगन, आर्यन शर्मा, जॉन जेम्स, हेडन शिलर, चार्ल्स लैकमुंड, बेन गॉर्डन, विल बायरम, केसी बार्टन, एलेक्स ली यंग, जेडन ड्रेपर।

रिजर्व खिलाड़ीः जेड होलिक, टॉम पैडिंगटन, जूलियन ऑस्बोर्न।

# भारतीय दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम का ऐलान, सैम कॉन्स्टास को मिला मौका

एजेंसी

**नई दिल्ली :** खराब फॉर्म से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के युवा ओपनर सैम कॉन्स्टास को भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम में शामिल किया गया है। 19 वर्षीय कॉन्स्टास को अगले महीने भारत में खेले जाने वाले दो चार दिवसीय मैचों के लिए टीम में चुना गया है। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बैली ने इस अनुभव को खिलाड़ियों के लिए अमूल्य बताया है। वेस्टइंडीज दौरे पर खराब प्रदर्शन के बावजूद



कॉन्स्टास को भारत दौरे के लिए मौका दिया गया है। वह चार दिवसीय टीम में शामिल होने वाले एकमात्र वर्तमान टेस्ट खिलाड़ी हैं। इसके अलावा टेस्ट कैप प्राप्त कूपर कॉनॉली, टॉड मर्फी और नाथन मैकस्वीनी भी 14 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। तीन एकदिवसीय मैचों के लिए अलग ऑस्ट्रेलिया ए टीम की भी घोषणा की गई है। बैली ने कहा, उपमहाद्वीप की परिस्थितियां विशेष होती हैं और यहां खेलने से खिलाड़ी अपने खेल को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। बार-बार इन हालातों में खेलने से भविष्य के दौरों के लिए खिलाड़ियों को तैयार किया जा सकता है। कॉन्स्टास ने पिछले साल बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ 60 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी, लेकिन उसके बाद वो लगातार संघर्ष कर रहे हैं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ हाल ही में हुई सीरीज में उन्होंने छह पारियों में 25 रन भी पार नहीं किए थे।

**ऑस्ट्रेलिया ए चार दिवसीय टीमः**

जेवियर बार्टलेट, कूपर कॉनॉली, जैक एडवर्ड्स, एरोन हार्डी, कैंपबेल केलावे, सैम कॉन्स्टास, नाथन मैकस्वीनी, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, फर्गस ओ'नील, ओलिवर पीक, जोश फिलिप, कोरी रोचिचियॉली, लियाम स्कॉट

# मुख्यमंत्री आज तामोट में 1132 करोड़ के निवेश व 416 करोड़ के विकास कार्यों की देंगे सौगात

– औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन/लोकार्पण कर वितरित करेंगे आशय पत्र

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव औद्योगिक विकास को धरातल पर उतारने के अपने सतत प्रयासों के क्रम में आज (शुक्रवार को) रायसेन जिले के तामोट औद्योगिक क्षेत्र में निवेश संवाद, इकाइयों के भूमिपूजन, लोकार्पण और आशय पत्र वितरण करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर लगभग 12 बजे औबेदुल्लागंज पहुचेंगे। मुख्यमंत्री यहां औद्योगिक इकाई सागर मेन्युफेक्चरर प्रा.लि. का भ्रमण करेंगे और रक्षाबंधन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर लगभग 12.40 बजे औद्योगिक क्षेत्र तामोट में कार्यक्रम स्थल पर पहुचेंगे तथा यहां औद्योगिक इकाईयों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री डॉ यादव इकाई आनंद टेक प्लास्ट प्राईवेट लिमिटेड प्लास्टिक पार्क तामोट का का भ्रमण करेंगे। दोपहर लगभग 02.10 बजे मुख्यमंत्री द्वारा तिरंगा यात्रा का फलेग ऑफ किया जाएगा तथा इसके उपरांत कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान करेंगे।

रायसेन कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव औद्योगिक क्षेत्र तामोट में 566 करोड़ रुपये के निवेश एवं 1781 रोजगार देने वाली 14 इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण के साथ आशय पत्र वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री 416 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र तामोट में 300 करोड़ निवेश एवं 970 रोजगार देने वाली 6 इकाइयों का भूमिपूजन और 116 करोड़ रुपये से अधिक निवेश एवं 211 रोजगार देने वाली 6 इकाइयों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्यमियों को भूमि आवंटन से संबंधित आशय-पत्र प्रदान करेंगे और औद्योगिक विकास के प्रति प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं को साझा करेंगे।

कार्यक्रम में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह प्रदेश की औद्योगिक रणनीति और नीतिगत परिवर्तनों की जानकारी साझा करेंगे। जेबीएम, विनप्रो और मंडीदीप औद्योगिक एसोसिएशन जैसे प्रमुख निवेशक समूहों के प्रतिनिधि मध्य प्रदेश में निवेश अनुकूल माहौल और प्रदेश की निवेश फ्रेंडली नीतियों के संबंध में विचार साझा करेंगे। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, विधायक सुरेंद्र पटवा और नारायण सिंह पंवार भी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

## डॉ. यादव आज करेंगे मुख?यमंत्री निवास से अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई क्षति की राहत राशि वितरित

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई विभिन्न क्षतियों जैसे जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति एवं अन्य क्षति के लिये प्रभावितों को आज शुक्रवार, आठ अगस्त को सिंगल क्लिक के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे और हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पौरवाल का इस संबंध में कहना है कि प्रदेश के जिलों में मानसून काल वर्ष 2025 में प्राकृतिक आपदा एवं अतिवृष्टि, बाढ़ से हुई क्षति के प्रभावितों को राहत राशि वितरित की जा रही है। उन?होंने कहा, राज्य सरकार के इस कदम से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि उनकी खेती में होने वाले नुकसान की भरपाई भी होगी। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी करोड़ों रुपए की राशि मध?य प्रदेश सरकार द्वारा राज?य के वर्षा प्रभावित किसानों को बांटी गई थी। पिछले साल अगस्त के महीने में भारी बारिश से कई जगहों पर खरीफ की फसलों को नुकसान हुआ था, जिसे देखते हुए राज्य सरकार ने किसानों को फसल नुकसान की भरपाई करने के लिए 1419 .62 करोड़ रुपये के कृषि राहत पैकेज की घोषणा की थी। इस राहत पैकेज में एसडीआरएफ के तहत 1097 .31 करोड़ रुपये और राज्य के बजट से 322 .33 करोड़ रुपये की सहायता, यानी कुल 1419 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। जिसमें कि राज्य के सात लाख से ज्यादा किसानों को फायदा हुआ। इस पैकेज के जरिए असिंचित, सिंचित और बागवानी फसलों के नुकसान की भरपाई की गई थी। इसके साथ ही राज्य के जिन किसानों को फसल नुकसान मुआवजे की जरूरत है, उन्हें अपने क्षेत्र के जिला प्रशासन द्वारा घोषित प्रभावित गांवों की सूची में अपना नाम जांचना होगा। आवेदन के लिए किसान अपने गांव स्तर पर स्थित ई-ग्राम केंद्र से साक्ष्य के साथ डिजिटल गुजरात पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## वाराणसी जिले में गंगा नदी आज भी गंभीर बाढ़ की स्थिति में बह रही है - एनडीएमएईडब्ल्यू



एजेंसी

**वाराणसी :** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमएईडब्ल्यू) की ओर से शुक्रवार को वाराणसी में गंगा नदी के जलस्तर को लेकर चेतावनी जारी की गई है। प्राधिकरण की ओर वाराणसी जनपद के लोगों और जिला प्रशासन को एक संदेश भेजकर बताया गया कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में गंगा नदी आज सुबह आठ बजे भी गंभीर बाढ़ की स्थिति में बह रही है। एनडीएमएईडब्ल्यू के संदेश को गंभीरता से लेते हुए वाराणसी जिला प्रशासन ने सुबह से ही बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में गस्त बढ़ा दिया है। वही, लखनऊ के तेलीबाग स्थित केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण टीम से मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान के .300 मीटर ऊपर बह रहा है। नदी का पानी घट रहा है लेकिन बारिश के कारण गंगा रौद्र रूप धारण की हुई है। वाराणसी से सटे जिले गाजीपुर में भी गंगा नदी ने रौद्र रूप धारण कर रखा है। यहां गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 1.4 मीटर की ऊंचाई पर है। गंगा को देखते हुए बलिया में हाई अलर्ट किया गया है। बलिया में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 2.225 मीटर ऊपर है। जिससे सैकड़ों गांव में बाढ़ जैसी स्थिति है और बड़ी मात्रा में किसानों की फसल बर्बाद हुई है। गंगा की स्थिति को प्रयागराज और मिजार्पुर में देखा जाए तो दोनों ही जिलों में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आ चुका है। प्रयागराज में गंगा नदी खतरे के निशान से 1.3 मीटर नीचे तो मिजार्पुर में 0.4 मीटर नीचे बह रही है।

## वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो की गिरफ्तारी पर अमेरिका ने 50 मिलियन डॉलर का इनाम घोषित किया

एजेंसी

**वॉशिंगटन :** अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी पर इनाम की राशि को दोगुना करते हुए इसे 50 मिलियन डॉलर कर दिया है। मादुरो की गिरफ्तारी पर इनाम की यह राशि, अमेरिका की तरफ से आतंकी संगठन अलकायदा सरगना ओसामा बिन लादेन को पकड़ने के लिए घोषित की गई इनाम की राशि से दोगुनी है। अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स वीडियो जारी कर इसकी जानकारी देते हुए कहा है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी में मदद करने वाले को 50 मिलियन डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है। वीडिया संदेश में पैम बॉन्डी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की अगुवाई में मादुरो बच नहीं पाएंगे और उन्हें उनके घृणित अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। अमेरिका ने मादुरो पर दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करों में शामिल सिनालोआ कार्टेल जैसे अपराधी समूह के साथ काम करने का आरोप लगाते हुए अमेरिका में फेंटेनाइल युक्त कोकीन की बाढ़ लाने के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान साल 2020 में मैनहट्टन संघीय अदालत में मादुरो पर उनके कई करीबी सहयोगियों के साथ कोकीन आयात करने की साजिश के संघीय आरोपों में अभियोग लगाया गया था। उस समय मादुरो की गिरफ्तारी पर 15 मिलियन डॉलर का इनाम रखा था जिसे बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 25 मिलियन डॉलर कर दिया। अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर इतनी ही राशि का इनाम घोषित किया था। खास बात यह है कि इतनी भारी-भरकम इनाम की राशि घोषित किए जाने के बावजूद मादुरो अपनी स्थिति बनाए हुए हैं और एक स्वतंत्र देश वेनेजुएला के राष्ट्रपति हैं। हालांकि मादुरो के विरोधी उन पर गलत तरीके से सत्ता पर काबिज होने का आरोप लगाते हुए साल 2024 में दोबारा उनके निर्वाचन को महज दिखावा करार देते रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश में अचानक से मौसम बिगड़ा, भारी बारिश से कई जिलों के स्कूलों में छुट्टी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। 20 से अधिक जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न है। शुक्रवार की भोर से ही तेज बारिश के चलते लखनऊ में कक्षा 8 तक के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। वहीं जौनपुर में भी स्कूल में छुट्टी की घोषणा की गई है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को पूरे दिन बारिश हुई। शाम को कुछ घंटे के लिए बारिश रुकी, लेकिन देर रात से फिर से बारिश शुरू हुई जो लगातार जारी है। कभी धीमी तो कभी तेज बारिश हो रही है। बारिश को देखते हुए लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख ने कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों को बंद करने के निर्देश दिए हैं। अमेठी सुलतानपुर जैसे जिलों में भी तेज हवाओं और गरज चमक के साथ भारी बारिश हो रही है। जौनपुर में तेज बारिश की वजह से शहर में यातायात बाधित है। जौनपुर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को बंद करने के निर्देश दिए हैं।

## मध्य प्रदेश में थमा बारिश का दौर, बढ़ने लगी गर्मी, दिन का तापमान 34 डिग्री के पार

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से बारिश की गतिविधियां थम गई हैं। राजधानी भोपाल समेत अधिकांश जिलों में तेज पानी नहीं गिरा। इससे गर्मी का असर बढ़ गया है। गुरुवार को 10 से ज्यादा जिलों में दिन का तापमान 34 डिग्री के पार पहुंच गया। ऐसा ही दौर शुक्रवार को भी बना रहेगा। कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। प्रदेश में अब तक प्रदेश में 28.7 इंच बारिश हो चुकी है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि गुरुवार तक देश में एक ट्रफ की एक्टिविटी रही, जो मध्य प्रदेश से काफी दूर है। इस वजह से बारिश का दौर नहीं है। अगले 4 दिन तक तेज बारिश के आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं। कहीं-कहीं बूंदाबांदी या रिमझिम बारिश जरूर हो सकती है। बारिश के मामले में इंदौर और उज्जैन संभाग की स्थिति ठीक नहीं है। इंदौर संभाग के आठ में से पांच जिले ऐसे हैं, जहां 13 इंच से कम पानी गिरा है। सिर्फ अलीराजपुर और झाबुआ में ही 20 इंच से ज्यादा पानी गिरा है। दूसरी ओर, ग्वालियर में सबसे ज्यादा 35 इंच बारिश हो चुकी है। यहां कुल बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। जबलपुर और भोपाल की तस्वीर भी बेहतर है। मौसम विभाग के अनुसार, अगस्त के दूसरे सप्ताह में तेज बारिश का दौर शुरू होगा, जो आखिरी तक चलता रहेगा।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी



**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। इसी तरह एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स ऊपरी स्तर से 530 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,340 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके विपरीत नैस्डेक 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ 21,242.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 130.85 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 44,099.49 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के कारोबार के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.70 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 9,100.77 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.96 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,709.32 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 268.14 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,192.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 937.85 अंक यानी 2.28 प्रतिशत की जबरदस्त मजबूती के साथ 41,997 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.61 प्रतिशत उछलकर 7,535.82 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स से 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,058.14 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,642.10 के स्तर पर कारोबार करते हुए नजर आ रहे हैं।

## भोपाल-रीवा के बीच आज से प्रारंभ होगी रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन

एजेंसी



**भोपाल :** यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और रीवा के मध्य एक-एक ट्रीप की एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन आज (शुक्रवार) की शाम को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। वहीं, शनिवार, 9 अगस्त की सुबह रीवा से भोपाल के लिए लौटेगी। पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह स्पेशल ट्रेन आज शाम 7.35 बजे रानी कमलापति स्टेशन से ट्रेन रवाना होगी। यह रात 8.28 बजे विदिशा, 10.35 बजे बीना, 11.40 बजे सागर, रात 12.45 बजे दमोह, रात 2.50 बजे कटनी मुड़वारा, सुबह 4.48 बजे मैहर, सुबह 5.15 बजे सतना और रीवा में सुबह 6.20 बजे पहुंचेंगी। वहीं, शनिवार, 9 अगस्त की सुबह 7.35 बजे रीवा स्टेशन से ट्रेन रवाना होगी। सुबह 8.35 बजे सतना, सुबह 9 बजे मैहर, सुबह 10.45 बजे कटनी मुड़वारा, दोपहर 12.30 बजे दमोह, दोपहर 1.45 बजे सागर, शाम 4 बजे बीना, शाम 5.08 बजे विदिशा और शाम 7.20 बजे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर पहुंचेंगी। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित, शयनयान और सामान्य श्रेणी के कोच शामिल रहेंगे। ताकि, सभी वर्ग के यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहरते हुए गंतव्य तक जाएगी। यात्रा के लिए रिजर्वेशन रेलवे के किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र या आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से कराया जा सकता है।

# न्यूज IN ब्रीफ

## जोराबाट में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से ले जायी जा रही विदेशी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** जोराबाट में पुलिस ने बड़े पैमाने पर अवैध रूप से आपूर्ति की गई विदेशी शराब को जब्त किया है। बशिष्ठ थाना और जोराबाट पुलिस चौकी की संयुक्त कार्रवाई के दौरान जोराबाट में राष्ट्रीय राजमार्ग पर नियमित तलाशी में तस्करी की जा रही विदेशी शराब पकड़ी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि गुवाहाटी से मिजोरम की राजधानी आइजोल के लिए एक ट्रक (एएस-28एसी-0161) के जरिए विभिन्न ब्रांडों के 75 कार्टून विदेशी शराब की आपूर्ति की जा रही थी। उल्लेखनीय है कि 1109 सीरिज के एक ट्रक के जरिए सर्फ और पंपार्च के कार्टून के बीच बेहद चालाकी के साथ विदेशी शराब की तस्करी का प्रयास किया गया था। मेघालय में तैयार की गई इस विदेशी शराब की बाजार मूल्य लाखों रुपये होने की जानकारी मिली है। घटना के साथ जुड़े वाहन के चालक कछार जिलांतर्गत धलोई निवासी मुस्ताक अहमद लस्कर (26) और खलासी पारबुल हुसैन लस्कर (24) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच जारी रखे हुए है।

## ग्राम पंचायत बबाईंन में पीडब्ल्यूडी की लापरवाही, ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के सदर विकास खंड की ग्राम पंचायत बबाईन में पीडब्ल्यूडी विभाग की उदासीनता ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गांव से निकलने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह गड्ढों में बदल चुका है। बरसात में जल निकासी की व्यवस्था न होने से सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को रोजाना गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। इससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार दुबे ने बताया कि विभाग को कई बार लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि टीपू निषाद ने कहा कि ग्राम पंचायत में निधि बहुत कम आती है, जिससे नाले का निर्माण सम्भव नहीं हो पा रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग और स्थानीय जन प्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीण अरविंद कुमार दुबे, अतर सिंह, श्याम सिंह, परम सिंह रूद्र और भान सिंह का कहना है कि यदि नाले का निर्माण कर पानी को बीहड़ की ओर मोड़ दिया जाए, तो जलभराव की समस्या हमेशा के लिए खत्म हो सकती है। ग्राम प्रधान ने सड़क पर कई बार गिट्टी डलवाई, लेकिन जलभराव के कारण यह प्रयास भी बेअसर साबित हुए। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि गांव की इस गम्भीर समस्या का जल्द समाधान कराया जाए। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अमर सिंह ने बताया कि जल निकासी का कार्य ग्राम पंचायत के अधीन है। फिर भी विभाग जल्द समस्या का समाधान करेगा। जरूरत पड़ी तो डामरीकरण की जगह सीसी रोड भी बनाई जाएगी।

## जल निकासी न होने से जोगी डेरा में जलभराव, ग्रामीण परेशान

**औरैया :** जिले के सहार ब्लॉक के ग्राम पंचायत ढीकियापुर के मजरा जोगी डेरा में जल निकासी की व्यवस्था न होने से ग्रामीणों का जीवन दुश्वार है। बीते तीन दिनों से रुक-रुककर हुई बारिश ने गलियों को तालाब में बदल दिया है। नाले और नालियों की सफाई न होने के कारण पानी निकासी ठप है, जिससे लोगों को बरसाती और गंदे पानी में होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीण चंचल नाथ, संजू नाथ, महेश नाथ, रफीक, विजय नाथ, राजेंद्र नाथ और नेहरू नाथ का कहना है कि समय पर नालियों की सफाई नहीं कराई गई। जिससे जलभराव की स्थिति बन गई। इसके कारण मच्छर पनप रहे हैं और बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। कई बार ग्राम प्रधान और ब्लॉक अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों की मांग है कि विकास खंड कार्यालय सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करें, ताकि नाले-नालियां खोले जा सकें और बारिश का पानी गांव से बाहर निकल सके। इस सम्बंध में बीडीओ सहार राजनरायन त्रिपाठी ने कहा कि जलभराव की जानकारी उन्हें नहीं थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और सफाई कर्मियों की टीम भेजकर पूरे मजरे की सफाई कराई जाएगी।

## उत्तराखंड के धराली में रेस्क्यू ऑपरेशन चौथे दिन भी जारी

**देहरादून :** उत्तरकाशी जिले के धराली में आपदा एवं राहत कार्य चौथे दिन भी जारी है। सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व पुलिस की टीमें मुस्तैदी के साथ लापता लोगों की तलाश में जुटी हुई है। शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेली सेवा, एमआई 17 और चिनूक हेलीकॉप्टरों की मदद से सुबह से ही युद्धस्तर पर रेस्क्यू अभियान जारी है। गंगोत्री, हर्षिल, झाला, जसपुर, गंगोत्री में फंसे यात्रियों को सुरक्षित लाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार घटना की अपडेट ले रहे हैं और केंद्र सरकार से पूर्ण सहयोग मिल रहा है। सड़क, संचार और बिजली की बहाली के साथ-साथ खाद्यान्न आपूर्ति पर सरकार का विशेष फोकस है और हेलीकॉप्टर की मदद से ये आवश्कताएं पूरी की जा रही हैं। उत्तरकाशी जिले में आज मौसम खराब है और ऐसे में स्ट्रेटिजिक एरिया मातली से हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर पाए। राज्य आपद प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव विनोद सुमन ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में रेस्क्यू अभियान जारी है और लोगों को सुरक्षित धराली-हर्षिल से आईटीबीपी मातली शिविर व जॉलीग्रांट (देहरादून) हेलीपैड तक शिफ्ट किया जा रहा है। इस कार्य में विशेष रूप से चिनूक और एमआई-17 जैसे एयरलिफ्टिंग संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र में राहत सामग्री, पेयजल, दवाइयां एवं खाद्यान्न हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाए जा रहे हैं।
केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री यात्रा मार्ग पर भूस्खलन से मार्ग क्षतिग्रस्त लोक निर्माण विभाग की तरफ से बताया गया है कि प्रदेश में 328 381 मार्ग अवरूद्ध मार्गो को खोलने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा हैं और अब तक 235 मार्गों को यातायात के लिए खोल दिया गया हैं। अब 146 मार्ग अवरूद्ध हैं, जिसमें से 04 राष्ट्रीय राजमार्ग, 25 राज्य मार्ग, 18 मुख्य जिला मार्ग, 08 अन्य जिला मार्ग एवं 91 ग्रामीण मार्ग अवरूद्ध हैं। लोक निर्माण विभाग की टीमें मार्गों को खोलने के लिए 514 मशीनों का विभिन्न महत्वपूर्ण व मार्ग बंद होने के सम्भावित स्थानों पर तैनात की गई हैं। समस्त बन्द मार्गों को यातायात मार्गो को यथाशीघ्र खोलने के लिए कार्य किया जा रहा है। बदरीनाथ व गंगोत्री मार्ग पर भारी बोल्डर आने से मार्ग बंद है और केदारनाथ यात्रा पर अस्थाई तौर पर रोक लगाई गई है।
राज्य आपदा प्राधिकरण ने कहा कि उत्तरकाशी जिले के धराली में प्राकृतिक आपदा को लेकर अगर कोई अफवाह फैलाता है तो पुलिस संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आपदा अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई करेगी। इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों को सोशल मीडिया पर भी लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने आम लोगों से भी किसी भी प्रकार की अफवाह से सावधान रहने की अपील करते हुए ऐसे लोगों की सूचना तत्काल प्रशासन को देने का अनुरोध किया है।

## विश्व दिव्यांगता दिवस को दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया जाएगा सम्मानित, शासन ने मांगा आवेदन

**प्रयागराज :** विश्व दिव्यांगता दिवस 3 दिसम्बर को दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए शासन ने आनलाइन आवेदन मांगा है। आवेदन करने की 11 अगस्त अन्तिम तारीख निर्धारित किया है। यह जानकारी शुक्रवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने दी है। उन्होंने बताया कि 3 दिसम्बर को प्रत्येक वर्ष की भांति विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार देने के लिए शासन ने आनलाइन आवेदन मांगा हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित श्रेणी अंतर्गत दक्ष दिव्यांग कर्मचारी, स्वनियोजित दिव्यांगजन, दिव्यांगजन के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों को, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था, प्रेरणा देने वाले लोगों , दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक एवं बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियों एवं दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते है।

### जनता दरबार में डीआईजी नौशाद आलम सख्त,कहा-

# भूमि विवादों पर धमकी देने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम ने स्पष्ट कहा है कि किसी भी जमीन विवाद में आम लोगों को धमकी या दबाव के जरिए परेशान करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह बात उन्होंने डीआईजी कार्यालय में आयोजित जनता दरबार के दौरान कही, जहां उन्होंने आम लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। दरबार में दर्जनों फरियादी पहुंचे थे, जिनकी शिकायत मुख्य रूप से भूमि विवाद, घरेलू हिंसा और पुलिस की कार्रवाई में लापरवाही से संबंधित थीं। डीआईजी नौशाद आलम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। दरबार में सामने आए 10 से 20 मामलों में से करीब 90% शिकायतें भूमि विवाद से जुड़ी थीं। इनमें से कई मामलों में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तत्काल पहल करते हुए समाधान की दिशा में कदम उठाए गए। डीआईजी स्तर पर आयोजित यह जनता दरबार न केवल प्रशासन की संवेदनशीलता को दशार्ता है, बल्कि यह भी साफ करता है कि आम जनता की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से लिया जा रहा है। डीआईजी ने कहा, जनता दरबार केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह लोगों की समस्याओं के समाधान की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## वरीय अधिकारियों ने क्षेत्र में चल रही योजनाओं का किया निरीक्षण

**गुमला :** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार जिले में संचालित विभिन्न कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं की प्रभावी अनुश्रवण तथा पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु वरीय अधिकारियों द्वारा सभी प्रखंडों में नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है।

इसी क्रम में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो के निदेर्शानुसार आज विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति (पीवीटीजी) समुदाय के लिए संचालित शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावासों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तुसगांव स्थित पीवीटीजी आवासीय विद्यालय, अबुआ आवास तथा जनमन आवास की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया।



निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, भोजन, शैक्षणिक सामग्री तथा अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की समुचित समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रावासों में रह रहे बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधा युक्त वातावरण प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने मौके पर ही कई बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिले में संचालित आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्र हित सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा यह सतत प्रयास किया जा रहा है कि योजनाओं का लाभ लक्षित समुदायों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुँचे, ताकि राज्य एवं केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप समावेशी विकास की दिशा में ठोस पहल सुनिश्चित की जा सके।

## जिला परिवहन पदाधिकारी ने किया पेट्रोल पंपो का औचक निरीक्षण सुविधाओं के अभाव में लाइसेंस रद्द करने की दी चेतावनी

### स्वच्छ बाथरूम, मिनरल वाटर, वाहनों में फ्री हवा और प्रदूषण जांच केन्द्र की उपलब्धता नहीं रहने पर पेट्रोल पंप का लाइसेंस होगा रद्द



**संवाददाता**

**गुमला :** जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने घाघरा थाना क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं और ट्रेड लाइसेंस से संबंधित दस्तावेजों की गहनता से जाँच की।

स्वच्छ बाथरूम, मिनरल वाटर, मुफ्त हवा, फ्री एयर की उपलब्धता

निरीक्षण के दौरान, जिला परिवहन पदाधिकारी ने विशेष रूप से स्वच्छ बाथरूम, पीने के पानी (मिनरल वाटर), मुफ्त हवा (फ्री एयर) की उपलब्धता की जाँच की। साथ ही, पेट्रोल पंपों के ट्रेड लाइसेंस से जुड़े सभी कागजातों की भी समीक्षा की गई।

उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मानकों के अनुसार, सभी पेट्रोल पंपों पर प्रदूषण जाँच केंद्र स्थापित करना अनिवार्य है और इसे जल्द से जल्द चालू किया जाए। उन्होंने बाथरूम की स्वच्छता बनाए रखने और अग्निशामक यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिला परिवहन पदाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। यदि किसी भी पेट्रोल पंप पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव पाया जाता है, तो उसका ट्रेड लाइसेंस रद्द किया जा सकता है।

## शिबू सोरेन के निधन पर साहिबगंज महाविद्यालय में शोक सभा

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के निधन पर साहिबगंज महाविद्यालय के बीएड.भवन में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एस आर आई रिजवी की अध्यक्षता में हुई इस शोकसभा में महाविद्यालय परिवार ने मृत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा।प्राचार्य ने स्वर्गीय शिबू



सोरेन को झारखंड राज्य की स्थापना में उनके ऐतिहासिक अवदान के लिए याद किया तथा शोक संतृप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ.अनूप कुमार शाह,डॉ.सिदाम सिंह मुंडा डॉ.प्रमोद कुमार दास,प्रो.मनोज कुमार गुप्ता,डॉ.मैरियन हेंब्रम,प्रो.फोदो सोरेन,डॉ.सेमी विक्टर मरांडी,डॉ.रविंद्र प्रसाद,डॉ.संतोष कुमार चौधरी डॉ.धर्मेंद्र यादव,डॉ मनोज कुमार,डॉ.सुनील कुमार डॉ.असदुल्लाह,डॉ.जयशंकर सिंह,प्रो.चांद्रशेखर प्रमाणिक,प्रो.कुमार प्रशांत भारती प्रोफेसर नितिन कुमार घोष,डॉ.सुनीता कुमारी,डॉ.प्रिया सिंह, प्रो.अनु सुमन वाड़ा,प्रो.रीना कुमारी, डॉ.प्रसेनजीत दास,कुमार करुणेश, कुणाल पांडे व अन्य उपस्थित थे।



## हटिया परिसर में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**साहिबगंज:** शहरी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित के नेतृत्व में शहरी स्वास्थ्य टीम ने गुरुवार को गेड़ाबाड़ी हाट में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया।शिविर में 122 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उनके बीच जरूरी दवाएं बांटी गईं। 30 वर्ष से ऊपर के लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग कर शुगर व प्रेशर की जांच की गई।साथ ही लोगों को बाढ़ से होने वाली बीमारियों व उनसे बचाव की जानकारी दी गई। शिविर में एएनएम मधुरलता कुमारी, खुशबू कुमारी,रीता कुमारी,भवानी कुमारी,कर्मी सुनील सोरेन मौजूद थे।



## शहीद चौक से शुरू होगी तिरंगा यात्रा : पूर्व विधायक

**साहिबगंज:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तिरंगा यात्रा के उपलक्ष्य मे भाजपा साहिबगंज नगर मंडल के द्वारा भाजपा नगर अध्यक्ष संजय पटेल के अध्यक्षता मे स्वामी विवेक आनंद चौक स्थित पूर्व विधायक अनंत ओझा के कार्यालय में एक बैठक रखी गई! बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 13.अगस्त को प्रातः 10:00 बजे शहीद चौक से तिरंगा यात्रा प्रारंभ की जाएगी.जो नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्मारक के समीप समापन किया जाएगा.इस कार्यक्रम में नगर वासियों से निवेदन है की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने राष्ट्रभक्ति को दशार्ये एवं तिरंगा यात्रा को सफल बनाये। जिसमें मुख्य रूप से तिरंगा यात्रा साहिबगंज के कार्यक्रम प्रभारी पूर्व विधायक अनंत ओझा का मार्गदर्शन मिला और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणेश प्रसाद तिवारी,धर्मेंद्र कुमार,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामानंद साह,जयप्रकाश सिन्हा,चांदनी देवी,विनोद चौधरी मनोज ताती,पंकज चौधरी,संतोष चौधरी,गौतम पंडित,डब्लू ओझा,अरविंदो बोस,रितेश यादव,मोहन मोदीअनंत सिन्हा, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन, कई मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन

**गुमला :** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंडों में प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में सिसई एवं चैनपुर प्रखंडों में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

प्रखंड सिसई में प्राप्त कुल 11 आवेदनों में से 08 मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि 03 आवेदनों को संबंधित विभाग को अग्रसारित कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। प्राप्त आवेदनों में वृद्धा पेंशन (05), बाल विकास (01), मइया योजना (02), जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र (02) एवं पेयजल (01) से संबंधित आवेदन शामिल थे।

वहीं, चैनपुर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय में आयोजित जन




शिकायत निवारण कार्यक्रम के दौरान कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेंशन (02), राशन कार्ड (02), जन्म प्रमाण पत्र (01), पंजी-2 सुधार (04), मकान क्षति मुआवजा (05) एवं फसल क्षति मुआवजा (01) से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। इनमें से 08 आवेदनों का मौके पर त्वरित निष्पादन किया गया।

जन शिकायत निवारण दिवस के आयोजन का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि योजनाओं और सेवाओं का लाभ सीधे जमीनी स्तर पर पहुंच सके।

## रक्तदान शिविर का आयोजन , बसिया प्रखंड में 9 यूनिट रक्त संग्रह

**गुमला :** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में निरंतर रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आकस्मिक व आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। इसी कड़ी में बसिया प्रखंड में ब्लड सेंटर सदर अस्पताल गुमला की देखरेख में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 09 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों, सामाजिक संगठनों तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने रक्तदान करने वाले सभी दाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया जिला प्रशासन सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे आगे भी इस प्रकार के स्वैच्छिक रक्तदान अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा मानव सेवा की इस पुनीत कार्य में सहयोग करें।



## झामुमो ने शोकसभा कर गुरूजी को दी श्रद्धांजलि

**साहिबगंज:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक,पूर्व मुख्यमंत्री सह वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरू शिबू सोरेन के निधन पर शहर के मछुआ सोसाइटी सभागार में झामुमो नगर कमिटी ने शोकसभा की।इस दौरान कार्यकताओं ने उनके तैलीय चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर व दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।शोकसभा में गुरूजी के बताए आदर्शों व उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने गुरूजी के निधन को संपूर्ण झारखंड के जनमानस की क्षति बताई।मौके पर प्रो मोजम्मिल हक,कोषाध्यक्ष सुरेश साह,आफताब खान,राजू अंसारी, आदित्य यादव,नुमान अंसारी,गोपाल मंडल,वारिस,विनीत पोद्दार,नीरज चौरसिया,आकाश चौधरी,मो शाहिद अंसारी,डोमा साह,लालजी यादव,पीयूष यादव,तारिक अनवर,मो जमालुद्दीन,राज हरि,आशीष मंडल,मो सोनू,मो अमन व अन्य मौजूद थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

# अधिकारियों को दिया आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश



**संवाददाता**

**देवघर:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कल्याणपुर स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री लकड़ा ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, वीवीपीएटी हॉल, बीयू हॉल के साथ आवश्यक विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया । साथ हीं उपायुक्त ने सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के अलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मापदण्डों के अनुपालन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वेयर हाउस गेट पर लगाये गये सील की जांच करते हुए परिसर में प्रतिनियुक्त जवानों के साथ परिसर व कमरों में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं अग्निशमन यंत्रों का अवलोकन करते हुए समय-समय पर फायरबॉक्स मशीनों की जाँच एवं साफ-सफाई करते रहने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया।मौके पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, उप-निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी व पुलिस पदाधिकारी व कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने किया कल्याण विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण

**दुमका:** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कल्याण विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी, लॉग बुक की जांच की तथा कार्यालय में आमजनों के बैठने की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आमजनों के बैठने की व्यवस्था दुरुस्त रखे ताकि कार्यालय आने वाले लाभुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय की साफ-सफाई, फाइलों के रख-रखाव तथा योजनाओं के अद्यतन प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को कार्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, समयबद्ध कार्य निष्पादन और जनता के प्रति उत्तरदायी रहने का निर्देश दिया। कार्यालय निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री सिन्हा के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान मौजूद थे।

